14 मई 2025
बुधवार

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



पुण्यतिथि पर भावुक हुईं सुशील मोदी की पत्नी, चुनाव लड़ने की जताई इच्छा

5



# भारत में निर्दोष लोगों का खून बहाने का एक ही अंजाम होगा विनाश-महाविनाश: मोदी

- सीजफायर की घोषणा के बाद पीएम मोदी ने जालंधर में आदमपुर एयरबेस का दौरा कर जवानों का हौसला बढ़ाया
- बोले- जब हमारे देश के सैनिक भारत माता की जय बोलते हैं तो दुश्मन के कलेजे कांप जाते हैं



**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जालंधर में आदमपुर एयरबेस का दौरा किया। यहां उन्होंने सेना के जवानों और वायु योद्धाओं का हौसला बढ़ाया। पीएम मोदी ने यहां सिर्फ जवानों के साथ तस्वीरें ही नहीं खिंचवाईं, बल्कि इससे पाकिस्तान झूठ को दुनिया के सामने बेनकाब कर दिया। उन्होंने जवानों से बात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत माता की जय यह सिर्फ उद्घोष नहीं है, यह देश के हर उस सैनिक की शपथ है, जो मां भारती की मान मर्यादा के लिए जान की बाजी लगा देता है। यह देश के हर उस नागरिक की आवाज है जो देश के लिए जीना चाहता है। यह मैदान में भी गूंजती है और मिशन में भी।

पीएम मोदी ने कहा कि जब भारत के सैनिक मां भारत की जय बोलते हैं तो दुश्मन के कलेजे कांप जाते हैं। जब हमारी मिसाइलें सनसनाती हुईं निशाने पर पहुंचती हैं, तब दुश्मनों को सुनाई देता है- भारत माता की जय। जब रात के अंधेरे में भी हम सूरज उगा देते हैं तो दुश्मन को दिखाई देता है- भारत माता की जय। जब हमारी फौज परमाणु बम की धमकी हवा निकाल देती है तो आकाश से पाताल तक एक ही आवाज गूंजती है भारत माता की जयकार। आप सभी ने कोटि-कोटि भारतीयों का सीना चौड़ा कर दिया। हर भारतीय का माथा ऊंचा कर दिया। आपने इतिहास रच दिया। मैं आपके दर्शन करने आया हूं। उन्होंने कहा कि जब वीरों के पैर जमीन पर पड़ते हैं तो धरती धन्य हो जाती है। आज से अनेक दशक बाद भी जब भारत के पराक्रम की चर्चा होगी तो उसके सबसे प्रमुख अध्याय आप और आपके साथी होंगे। आप सभी वर्तमान के साथ ही देश की आने वाली पीढ़ियों के लिए भी नई प्रेरणा बन गए हैं। मैं वीरों की इस धरती से वायुसेना, थलसेना, नौसेना के सभी जांबाजों और देश के शूरवीरों को सैल्यूट करता हूं।

## धर्म की स्थापना के लिए शस्त्र उठाना हमारी परंपरा है

पीएम मोदी ने कहा कि अधर्म के खिलाफ धर्म की स्थापना के लिए शस्त्र उठाना हमारी परंपरा है। जब हमारी बहनों, बेटियों का सिंदूर छीना गया तो आतंक के फण को उसके घर में घुसकर कुचल दिया गया। पीएम मोदी ने कहा कि वो कायरना की तरह छिपते रहे, वो भूल गए कि उन्होंने जिसे ललकारा है, वह हिंद की सेना है। आपने उन्हें सामने से हमला करके मारा। आपने आतंक के तमाम बड़े अड्डों को मिट्टी में मिला दिया। नौ आतंकी ठिकाने बर्बाद कर दिए। सौ से ज्यादा आतंकियों की मौत हुई। आतंक के आकाओं को अब समझ आ गया है कि भारत की ओर नजर उठाने का एक ही अंजाम होगा– तबाही। भारत में निर्दोष लोगों का खून बहाने का एक ही अंजाम होगा– विनाश और महाविनाश। पीएम मोदी ने कहा कि जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे ये आतंकी बैठे थे, भारत की थलेसना, वायुसेना और नौसेना ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी है। आपने पाकिस्तानी फौज को भी बता दिया कि पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं, जहां बैठकर आतंकवादी चैन की सांस ले सकें।

## ऑपरेशन सिंदूर से आपने देश का आत्मबल बढ़ाया

पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से आपने देश का आत्मबल बढ़ाया है। देश को एकता के सूत्र में बांधा और भारत की सीमाओं की रक्षा की। भारत के स्वाभिमान को नई ऊंचाई दी। आपने वो किया, जो अभूतपूर्व है, अकल्पनीय है, अद्भुत है। हमारी एयरफोर्स ने पाकिस्तान में अंदर तक जाकर 20–25 मिनट तक सीमा पार लक्ष्यों को भेदा, आतंक के ठिकानों को टारगेट किया। यह सब एक आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस प्रोफेशनल फोर्स ही कर सकती है।

## सीबीएसई बोर्ड ने एक साथ जारी किए 10वीं और 12वीं के नतीजे

# 10वीं में 93.66 फीसदी बच्चे पास, 95% लड़कियां और 92.63% लड़के सफल

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सीबीएसई बोर्ड ने मंगलवार को 12वीं और 10वीं के नतीजे जारी कर दिए। सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10वीं में 93.66 फीसदी बच्चे पास हुए हैं। छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 95% और छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 92.63% रहा। सभी क्षेत्रों में 99.79 फीसदी पास प्रतिशत के साथ त्रिवेंद्रम सबसे आगे रहा। जो भी विद्यार्थी 10वीं की वार्षित परीक्षा में शामिल हुए थे। पिछले साल 13 मई को सीबीएसई कक्षा 10वीं परीक्षा के परिणाम की घोषणा की गई थी। कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 93.12% दर्ज किया गया था। यह 2023 की तुलना में 0.48% अधिक था। सीबीएसई ने कक्षा 10वीं का पूरक परिणाम 5 अगस्त को घोषित किया था। जबकि सीबीएसई 10वीं पुनर्मूल्यांकन/सत्यापन के बाद लॉट-2 के परिणाम 30 जुलाई, 2024 को घोषित किए गए थे। बोर्ड द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक, इस बार हाईस्कूल की परीक्षा के लिए कुल 23,85,079 विद्यार्थी पंजीकृत थे। कुल 23,71,939 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 22,21,636 ने परीक्षा उत्तीर्ण की।

पीएम मोदी ने बोर्ड की परीक्षा में सफल छात्रों को बधाई दी है। साथ ही उन्होंने परीक्षा में असफल होने या कम अंक आने के कारण निराश छात्रों का मनोबल बढ़ाया है। उन्होंने कहा, जो लोग अपने अंकों से थोड़ा निराश महसूस करते हैं, मैं उनसे कहना चाहता हूं: एक परीक्षा कभी भी आपको परिभाषित नहीं कर सकती। आपकी यात्रा बहुत बड़ी है और आपकी ताकत मार्कशीट से कहीं आगे तक जाती है। आत्मविश्वास बनाए रखें, जिज्ञासु बने रहें क्योंकि महान चीजें आपका इंतजार कर रही हैं।



## 12वीं की परीक्षा में 88 .39 फीसदी बच्चे पास, लड़कियां आगे

इस बार 12वीं का पास प्रतिशत 88 .39 फीसदी रहा है। परीक्षा के लिए कुल 17,04,367 छात्रों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 16,92,794 उपस्थित हुए और 14,96,307 उत्तीर्ण घोषित किए गए। इसके अलावा, पिछले वर्ष का उत्तीर्ण प्रतिशत 87 .98% था। इसलिए, पिछले वर्ष की तुलना में कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा 2025 में 0 .41 अंकों की मामूली वृद्धि हुई है। पिछले साल की तुलना में पास होने वालों का प्रतिशत 0 .41% बढ़ा है। लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। लड़कियों का पास प्रतिशत 91% से ज्यादा रहा, जो लड़कों से 5 .94% अधिक है। 17 रीजन में विजयवाड़ा 99 .60 फीसदी के साथ टॉप पर है। वहीं दूसरा स्थान पर त्रिवेंद्रम है। जहां 99 .32 फीसदी बच्चे पास हुए हैं। इसके अलावा प्रयागराज अंतिम 17वें पायदान पर रहा। यहां का पास प्रतिशत 79 .53 फीसदी रहा। जबकि दिल्ली वेस्ट का 95 .37, दिल्ली ईस्ट का 95 .06, चंडीगढ़ का 91.61, पंचकूला का 91.17, देहरादून का 83 .45 फीसदी रिजल्ट रहा है। देशभर में जवाहर नवोदय विद्यालय का रिजल्ट सबसे अच्छा रहा है। यहां पास प्रतिशत 99 .29 फीसदी रहा है। सीबीएसई बोर्ड मेरिट लिस्ट जारी नहीं करता है। बोर्ड सभी स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों को ये निर्देश भी देता है कि किसी भी बच्चे को स्कूल या जिले का टॉपर घोषित न करें। पटना जोन से 82 .86% छात्रों ने परीक्षा पास की है, जो राष्ट्रीय औसत से कुछ कम है, लेकिन पूर्वी भारत के कई क्षेत्रों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन को दर्शाता है।

## 10वीं : 99 .79 उत्तीर्ण प्रतिशत के साथ त्रिवेंद्रम टॉप पर

10वीं में क्षेत्रवार प्रदर्शन की बात करें तो 99 .79 उत्तीर्ण प्रतिशत के साथ त्रिवेंद्रम टॉप पर रहा। इसके बाद, विजयवाडा 99 .79% के साथ दूसरे स्थान पर रहा। वहीं, तीसरे स्थान पर 98 .90% के साथ बेंगलुरु है। पटना जोन 91.90% के साथ 13वें नंबर पर है।

**ये है 17 जोन की लिस्ट**

- त्रिवेंद्रम – 99 .79%
- विजयवाड़ा – 99 .79%
- बेंगलुरू – 98 .90%
- चेन्नई – 98 .71%
- पुणे – 96 .54%
- अजमेर – 95 .44%
- दिल्ली पश्चिम – 95 .24%
- दिल्ली पूर्व – 95 .24%
- चंडीगढ़ – 92 .77%
- पंचकुला – 92 .71%
- भोपाल – 92 .67%
- भुवनेश्वर – 92 .64%
- पटना – 91.90%
- देहरादून – 91.60%
- प्रयागराज – 91.01%
- नोएडा – 89 .41%
- गुवाहाटी – 84 .14%

# रिश्ता तार-तार... आरा में जमीन के विवाद में कलयुगी बेटे ने बाप की गला रेत कर दी हत्या

## जगदीशपुर थाना क्षेत्र के देवघर मोती टोला गांव का मामला, मची सनसनी

**केटी न्यूज/आरा**

आरा जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के देवघर मोती टोला गांव में मंगलवार की अहले सुबह की रात धारदार हथियार से गला रेत कर पुत्र ने पिता की निर्मम हत्या कर दी। घटना को लेकर गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। वहीं घटना के बाद पुत्र व पत्नी दोनों मौके से फरार हो गए। मंगलवार की सुबह गांव में खबर खेलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठी हो गई।

सूचना पाकर जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह, सर्किल इंस्पेक्टर प्रभास कुमार एवं जगदीशपुर थानाध्यक्ष राजीव रंजन घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए हैं। जानकारी के अनुसार मृतक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के देवघर मोती टोला गांव निवासी स्वर्गीय शिव पर्सन सिंह के पुत्र जयप्रकाश सिंह उर्फ सत्येंद्र सिंह पेशे से किसान थे।

मृतक के भाई ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि उन्होंने 1998 में सीमा देवी से पहली शादी की थी और उससे उन्हें एक पुत्र है। लेकिन उनकी पत्नी उनके साथ नहीं रहती थी। जिसके कारण उन्होंने वर्ष 2015 में रोहतास जिला के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के बैरी गांव निवासी किरण देवी से दूसरी शादी की थी। उसकी पहली पत्नी के पुत्र विष्णु कुमार के द्वारा बराबर जमीन में हिस्सा की मांग की जाती थी। विष्णु कुमार द्वारा ही बीते वर्ष नवंबर माह में अपने दादा के हिस्से में से 7 कट्ठा जमीन बेच दी गई थी। जिसको लेकर उसके दादा द्वारा स्थानीय थाना में उसके खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी। इसे लेकर तीन दिन पूर्व भी पंचायती हुआ था। उस दौरान उसके द्वारा अपना हिस्से का जमीन मांगा जा रहा था। तभी उसके पिता द्वारा कहा गया था कि अभी केस चल रहा है। इसी विवाद के कारण मंगलवार की अहले सुबह धारदार हथियार से उसने अपने पिता की गला रेतकर हत्या कर दी। मृतक के भाई ओम प्रकाश सिंह ने सीमा देवी व उसके बेटे विष्णु कुमार पर जमीन के विवाद को लेकर अपने भाई की गला रेतकर हत्या करने का आरोप लगाया है। इस मामले में जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह ने बताया कि प्रथम जांच में जमीन का विवाद सामने आया है।

## महिला ने अपने बेटों के साथ मिलकर पति की ईंट से पीट-पीटकर की हत्या

**केटी न्यूज/गया**

बिहार के गया जिले में पारिवारिक विवाद के चलते एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक महिला ने अपने दो बेटों के साथ मिलकर पति की ईंट और पत्थर से पीट–पीटकर हत्या कर दी। यह खौफनाक घटना जिले के अतरी थाना क्षेत्र के मफा ताड़ गांव की है। मृतक की पहचान राजकुमार दास के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि राजकुमार दास के तीन बेटे हैं, जिनमें से दो हाल ही में दिल्ली से गांव लौटे थे। छोटे बेटे की शादी 20 मई को तय थी, जिसकी तैयारियों के लिए दोनों बेटे गांव आए थे। छोटा बेटा अभी गांव नहीं पहुंचा था। इसी दौरान परिवार को राजकुमार दास के एक अन्य महिला से संबंध की जानकारी मिली। यह जानकर पत्नी नीरा देवी और बेटे सुबोध दास व सुधीर दास गुस्से में आगबबूला हो गए। आरोप है कि तीनों ने मिलकर राजकुमार दास पर हमला किया और ईंट–पत्थर से पीट–पीटकर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही अतरी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने मृतक की पत्नी और दोनों बेटों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

# पटना के बीएन कॉलेज में बमबाजी, छात्र घायल

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार की राजधानी पटना के बीएन कॉलेज में छात्रों के दो गुटों के बीच बड़े टकराव का मामला सामने आया है। इस कॉलेज के हॉस्टल में छात्रों के एक गुट ने दबंगई दिखाने की कोशिश की तो दूसरे गुट ने बम फोड़ने शुरू कर दिए। इस टकराव में कई छात्रों के घायल होने की खबर है। देखते ही देखते कैंपस में बवाल इतना बढ़ा कि आधा दर्जन थानों की पुलिस बुलानी पड़ी। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए हालात को काबू कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक पटना यूनिवर्सिटी के बीएन कॉलेज हॉस्टल में छात्रों के दो गुटों के बीच पहले से विवाद चला आ रहा है। इसी विवाद में मंगलवार की दोपहर एक गुट के छात्रों ने दूसरे गुट पर हावी होने की कोशिश की। ऐसे में दूसरे गुट ने भी अपना प्रभाव दिखाने के लिए बम फोड़ने शुरू कर दिए। इसकी वजह से मौके पर बड़ा बवाल हो गया। बताया जा रहा है कि इस बवाल में शामिल बड़ी संख्या में छात्र बाहर से आए थे। इस झड़प के दौरान एक छात्र के सिर पर बम लगा है। इस बमबाजी में गंभीर रूप से घायल छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने डांट फटकार कर बड़ी मुश्किल से हालात को काबू किया है। पुलिस के मुताबिक मौके पर शांति व्यवस्था कायम कर ली गई है। इस मामले में बवाली छात्रों की पहचान और उनकी धरपकड़ की कवायद तेज कर दी गई है।

# पोलाची दुष्कर्म कांड के सभी नौ आरोपी दोषी करार, आजीवन कारावास की सजा

**एजेंसी/चेन्नई**

तमिलनाडु की राजनीति में भूचाल पैदा करने वाले पोलाची दुष्कर्म कांड में मंगलवार को कोयंबटूर की महिला कोर्ट ने सभी नौ आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जज आर नंदिनी देवी ने दोषियों को गवाही देने वाली आठ महिलाओं को कुल 85 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। दोषी ठहराए गए नौ लोगों ने 2016 से 2018 के दौरान 50 से अधिक महिलाओं को अपना शिकार बनाया, जिनमें अधिकतर कॉलेज की छात्राएं थीं। दोषियों ने पीड़ित महिलाओं का वीडियो बनाया और उन्हें ब्लैकमेल कर उनके साथ कई बार दुष्कर्म, सामूहिक दुष्कर्म किया। हालांकि, इनमें से केवल आठ महिलाओं ने ही आरोपियों के खिलाफ गवाही दी।

## विदेश मंत्रालय ने भारत पाकिस्तान संघर्ष विराम को लेकर की प्रेस वार्ता

# कश्मीर पर मध्यस्थता मंजूर नहीं, पीओके खाली करे पाकिस्तान

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारत पाकिस्तान संघर्ष विराम को लेकर विदेश मंत्रालय ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान संघर्ष विराम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता को लेकर विदेश मंत्रालय ने कहा कि कश्मीर पर हमें मध्यस्थता मंजूर नहीं है। पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा। उन्होंने ट्रंप के दावे को नकारते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से लेकर 10 मई को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने की सहमति तक, भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच उभरते सैन्य हालात पर बातचीत हुई।



इनमें से किसी भी चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि जैसा कि विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने पहले ही बताया है कि 10 मई को 15:35 बजे दोनों देशों के डीजीएमओ को फोन पर संघर्ष विराम को लेकर वार्ता हुई। इस वार्ता को लेकर विदेश मंत्रालय को 12.37 बजे पाकिस्तान उच्चायोग के जरिये सूचित किया गया। पाकिस्तान की आंतरिक तकनीकी दिक्कतों के चलते हॉटलाइन कनेक्ट होने में देरी हुई। भारत के डीजीएमओ की मौजूदगी के बाद दोपहर 3.35 बजे वार्ता हुई।

उन्होंने कहा कि 10 मई की सुबह भारतीय सेना ने पाकिस्तान के एयरबेस को तबाह किया गया। इसके बाद पाकिस्तान के सुर बदल गए। पाकिस्तान ने गोलाबारी रोकने और सैन्य कार्रवाई रोकने का फैसला किया। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान को गोलीबारी रोकने पर मजबूर किया। जैसा कि अन्य देशों से हुई वार्ता में भारत ने स्पष्ट संदेश दिया और जनता को भी यही कहा कि भारत ने आतंकी ढांचे को निशाना बनाकर 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमलों का जवाब दिया है। इसके बाद जब पाकिस्तानी सशस्त्र बलों ने फायरिंग की तो भारतीय सेना ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से लेकर 10 मई को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने की सहमति तक, भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच उभरते सैन्य हालात पर बातचीत हुई। इनमें से किसी भी चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा।



## सीबीएसई बोर्ड ने जारी किया दसवीं व बारहवीं की परीक्षा का परिणाम, छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन

# हेरिटेज स्कूल बक्सर के छात्रों ने दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में लहराया परचम

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला मुख्यालय स्थित हेरिटेज स्कूल, अर्जुनपुर के 10वीं एवं 12वीं सीबीएसई बोर्ड के छात्रों ने सफलता की कहानी दोहराई। सीबीएसई बोर्ड द्वारा प्रकाशित परिणाम के अनुसार विद्यालय के 12वीं (विज्ञान संकाय) के शीर्ष पांच छात्रों का प्रदर्शन उम्दा रहा। इनमें समर्थ वर्मा ने 96 प्रतिशत, स्नेहा ने 92 प्रतिशत, आदित्य कुमार वर्मा ने 90 प्रतिशत, श्रेया सेजल ने 88 प्रतिशत व प्रज्ञा प्रियदशीर्नी 86 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार अन्य छात्रों ने भी अपने सफलता से विद्यालय को गर्वान्वित किया है। सफल हुए छात्रों में अधिकतर ने 85 प्रतिशत अंक से अधिक हासिल करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन को जारी रखा। इन छात्रों के प्रदर्शन में हेरिटेज विद्यालय के निदेशक डॉ. प्रदीप पाठक के कुशल निर्देशन में वरिष्ठ शिक्षकों की अथक परिश्रम का महत्वपूर्ण योगदान है। वहीं, दूसरी ओर सफलता का प्रदर्शन 10वीं के छात्रों ने भी धूमधाम से जारी रखा। दसवीं के अभय कुमार 95 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय टॉपर रहे। वहीं, साक्षी कुमारी ने 92 प्रतिशत, आशीष कुमार सिंह ने 92 प्रतिशत, अमन कुमार गुप्ता ने 91 प्रतिशत,




कृष्णा कुमार दुबे ने 91 प्रतिशत व सौरभ कुमार शर्मा ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। साथ ही, विद्यालय के शत-प्रतिशत छात्र उतीर्ण रहे। सभी सफल छात्रों एवं छात्राओं को विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुषमा कुमारी ने मिठाई एवं गुलाल लगाते हुए अपनी खुशियां जाहिर की। इसके बाद बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रेसिडेंट प्रेम कुमार पाठक ने बच्चों के सफलता की शुभकामना देते हुए विद्यालय के शिक्षकों और सभी विद्यार्थियों के अभिभावकों को उनके अथक परिश्रम के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



## सीबीएससी दसवीं की परीक्षा में डीएवी के छात्रों ने किया बेहतर प्रदर्शन

**बक्सर।** सीबीएसई दसवी के परीक्षा परिणाम में डीएवी पब्लिक स्कूल, बक्सर के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा के परचम लहराए है।
विद्यालय के प्राचार्य वी आनंद ने बताया कि कुल 220 छात्रों में से 30 छात्र 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने में सफल रहे हैं और 134 छात्रों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने सभी छात्रों, उनके माता-पिता और अभिभावकों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्यालय के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त किया, जिनकी मेहनत से यह सफलता संभव हुई। इस परिणाम के अनुसार, डीएवी पब्लिक स्कूल, बक्सर के 10वीं के कुल विद्यार्थियों का कक्षा औसत 73 प्रतिशत रहा है ।सीबीएसई 12वीं में डीएवी बक्सर के चार छात्रों को 90 व 28 छात्रों को 75 प्रतिशत से अधिक अंकसीबीएसई बारहवीं के परिणाम में बक्सर डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने बेहतर परिणाम लाया है। जिस कारण परीक्षा परिणाम जारी होते ही छात्र खुशी से उछल पड़े। विद्यालय के प्राचार्य वी आनंद ने बताया कि कुल 34 छात्रों में से 4 छात्र 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने में सफल रहे हैं और 28 छात्रों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाया हैं। उन्होंने सभी छात्रों, उनके माता-पिता और अभिभावकों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने विद्यालय के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त किया जिनकी मेहनत से यह सफलता संभव हुई। इस परिणाम के अनुसार, डीएवी पब्लिक स्कूल, बक्सर के 12वीं के कुल विद्यार्थियों का कक्षा औसत 78 .41 प्रतिशत रहा है, जो कि उच्च शैक्षिक मानकों को दर्शाता है। यह परिणाम सभी डीएवी विद्यालयों में सर्वोच्च है।

## गर्मी का असर : डीएम का आदेश 11.30 के बाद नहीं चलेंगे स्कूल

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में भीषण गर्मी व बढ़ते तापमान को देखते हुए जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने एक बार फिर से स्कूलों के संचालन सुबह 11.30 बजे तक करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने अपने पत्र में बताया है कि जिले में भीषण गर्मी पड़ रही है तथा तापमान भी अधिक हो गया है। उन्होंने सभी स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों को सुबह 11.30 के बाद संचालित नहीं करने के आदेश दिए है। डीएम ने अपने जारी फरमान में कहा है कि जिले में रह रहे अधिक तापमान विशेष रूप से दोपहर के समय के बाद भीषण गर्मी हो रही है। जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ने की संभावना है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के तहत जिले के सभी निजी व सरकारी विद्यालय के समय में बदलाव किया है। जिलाधिकारी का यह आदेश 14 से 20 मई तक प्रभावी रहेगा। यदि इस आदेश का कोई भी उल्लंघन करता है तब उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब हो कि पिछ्ले कुछ दिनों से गर्मी बढ़ गई है। भीषण गर्मी व लू के बीच भरी दोपहरी स्कूलों का संचालन होने से छात्रों के बीमार पड़ने की आशंका बनी हुई थी। जिलाधिकारी के इस आदेश के बाद अभिभावकों में खुशी व्याप्त है। वहीं नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

## बिल्डर खां हत्याकांड में पुलिस ने दो अन्य अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



- गिरफ्तार अभियुक्तों में मुख्य अभियुक्त व एक अप्राथमिक अभियुक्त
- घटना के दिन ही एक अभियुक्त को पुलिस ने किया था गिरफ्तार, चार दिन के अंदर तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी से पीड़ित परिवार में जगी न्याय की उम्मीद

**केटी न्यूज/डमरांव**

नया भोजपुर थाना क्षेत्र के पसिया बाग में शुक्रवार को हुए बिल्डर खां हत्याकांड के तफ्तीश में जुटी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल दो अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसके पूर्व घटना के दिन भी पुलिस ने प्रमोद कुमार यादव उर्फ बूढ़ा यादव नामक एक नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया था। एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने दोनों अभियुक्तों के गिरफ्तारी की पुष्टि की है। एसडीपीओ ने बताया कि इस हत्याकांड में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है। जल्दी ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**10 मई को की गई थी बिल्डर खां की हत्या :** बता दें कि नया भोजपुर के बिल्डर खां पिता स्व. मौला खां की हत्या गांव के ही कुछ युवकों ने पीट-पीटकर की थी। इस मामले में उसकी मां जीरा खातून के बयान पर प्रमोद यादव, झींगन यादव व पांच-छह अज्ञात युवकों पर अपने पुत्र कें अपहरण कर गांव से दूर पसिया बाग जैसे सुनसान जगह पर ले जाकर पेड़ से बांध कर पीट-पीट कर मार डालने का आरोप लगा एफआईआर दर्ज कराई थी। अपने आवेदन में जीरा ने जिक्र किया था कि अभियुक्त मेरे बेटे पर नगदी, आधार कार्ड व पैन कार्ड चोरी का मिथ्या आरोप लगाकर मुंशी मस्जिद के पास से उसे अगवा कर ले गए थे तथा पेड़ से बांध इतना पिटाई किए थे कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। जीरा ने पुलिस को बताया कि पड़ोस का एक लड़का आकर बताया था कि कुछ घंटे बाद पड़ोस का एक लड़का आकर बताया था कि वे लोग बिल्डर को लेकर पसिया बाग गए है। जब मैं पीछे से वहां गई तो मेरा बेटा बेसुध पड़ा था। पूछने पर वह बताया कि मुझपर चोरी का झुठा आरोप लगा प्रमोद यादव, झींगन यादव व अन्य लोगों ने मारा है। इतना कहते ही वह वहीं पर मर गया। घटना के बाद से गांव में तनाव व्याप्त था, लेकिन पुलिस की त्वरित कार्रवाई से पीड़ित पक्ष में इस बात की उम्मीद जगी है कि उन्हें न्याय मिलेगा तथा अभियुक्तों को सजा जरूर मिलेगी।इस घटना को पुलिस ने चुनौती के रूप में लिया है। किसी को अगवा कर पीट-पीट कर हत्या करना जघन्य अपराध है। इस घटना में शामिल अभी तक तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## द एमिटी स्कूल सोनवर्षा के छात्रों ने सीबीएसई कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लहराया परचम

**नावानगर ।** द एमिटी स्कूल सोनवर्षा के छात्रों ने एक बार फिर अपनी मेहनत और लगन से सफलता की मिसाल कायम की है। सीबीएसई कक्षा 10वीं के घोषित परीक्षा परिणाम में स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय के कई छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए, जबकि अधिकांश छात्रों ने 80 से 90 फीसदी से ऊपर अंक हासिल कर स्कूल एवं अभिभावकों का नाम रोशन किया। इस सफलता का श्रेय छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा माता-पिता के सहयोग को दिया जा रहा है। विद्यालय के डायरेक्टर अमरेन्द्र राजेश ने छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा, ह्लहमारे छात्र हर वर्ष उत्कृष्टता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। यह परिणाम उनकी निष्ठा और हमारी टीम की निरंतर मेहनत का प्रतीक है। कहा इस उत्कृष्ट परिणाम के साथ द एमिटी स्कूल ने एक बार फिर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सिद्ध किया है। विद्यालय के डायरेक्टर ने बताया कि इस वर्ष कुल 26 छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें छात्रा दिव्या कुमारी ने 95.10 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी है। वही छात्रा साक्षी कुमारी ने 92.20 प्रतिशत, शैलजा कुमारी ने 90.60 प्रतिशत व आरती कुमारी ने 90.10 प्रतिशत अंक लाकर शाहाबाद में द एमिटी स्कूल का परचम लहरा दिया है। वही अन्य छात्र-छात्रा 80 से 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इस खुशी की अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर ने सभी छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए उनकी उज्जवल भविष्य की शुभकामना दिया। इस मौके पर कहा कि वह लोगों आगे इसी तरह से मेहनत करते रहेंगे। मौके पर विद्यालय के सभी शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ मौजूद थे।

## सीबीएसई बोर्ड का रिजल्ट जारी होते ही बक्सर का एलेन कहे जाने वाले ज्ञान पाठशाला में छाई खुशी

**बक्सर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया है। इस बार बक्सर शहर के महावीर स्थान स्थित ज्ञान पाठशाला का रिजल्ट सबसे अच्छा रहा। ज्ञान पाठशाला के आशीष पांडेय ने 96 प्रतिशत अंक हासिल कर सबसे बेहतर प्रदर्शन किया है। इस पाठशाला की सानिया परवीन ने 90.2 प्रतिशत और सारा परवीन ने 88 प्रतिशत अंक हासिल किया। सूरज सिन्हा को 83 प्रतिशत, सामिया ने 82 प्रतिशत, साक्षी श्रीवास्तव ने 81 प्रतिशत, अदिती ने 79 प्रतिशत, निशांत 75 प्रतिशत, अभय 71 प्रतिशत, सत्या कुमारी ने 70.6 प्रतिशत, नेहा 69 प्रतिशत, हासिल किया। इस मौके पर ज्ञान पाठशाला के निर्देशक इंजीनियर रवी स्वरूप ने बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं दी। ज्ञान




पाठशाला के बारे में रवि स्वरूप बताते हैं कि ज्ञान पाठशाला न केवल एक कोचिंग संस्थान है बल्कि एक क्रांति का नाम है।

रवि स्वरूप बताते हैं कि उनका उद्देश्य बक्सर के बच्चों को कम से कम पैसों में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मुहैया कराना है जिसके लिए वो दिन दुगुनी रात चौगुनी मेहनत करते हैं। गौरतलब है कि ज्ञान पाठशाला बक्सर का पहला ऐसा कोचिंग संस्थान हैं जो ऐसी और सीसीटीवी और डिजिटल बोर्ड जैसे फैसिलिटी से लैस है। बक्सर के अलावा ज्ञान पाठशाला की कई अन्य शाखाएं दिल्ली (नोएडा), मुजफ्फरपुर में भी स्थित है। चूंकि रवि स्वरूप बक्सर के ही रहने वाले हैं इसी लिए बक्सर के बच्चों के लिए उनका प्यार ज्यादा और फीस कम है।

## पनियारी पुल के पास तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवक जख्मी

**नावानगर।** पनियारी पुल के पास एक तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मारी दिया। जिससे बाइक सवार दो युवक गंभीर रुप से जख्मी हो गए। वही दुर्घटना के बाद वाहन चालक अपनी वाहन को लेकर फरार हो गया। जख्मी युवक में पनियारी गांव के रहने वाले कामता यादव पिता जज यादव एवं कमल किशोर यादव पिता भरत यादव बताया जाता है। इधर दुर्घटना के बाद उसी रास्ते से गुजर रहे विधायक अजीत कुशवहां ने जख्मी दोनों युवक को देखकर अपनी गाड़ी रोकी। साथ ही दोनों जख्मी को इलाज के लिए सोनवर्षा के एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद पटना रेफर कर दिया है। ग्रामीणों के अनुसार जख्मी दोनों युवक में एक की गंभीर स्थिति बनी हुई है। दोनों अभी इलाजरत है।

## चौसा में शुरू हुआ पक्के गंगा घाट का निर्माण, श्रद्धालुओं में छाई खुशी

**केटी न्यूज/चौसा**

बक्सर-आरा के विधान परिषद सदस्य राधाचरण सेठ के निधि से प्राप्त 10 लाख रुपये की लागत से चौसा नगर पंचायत अंतर्गत मुख्य गंगा तट, बाजार घाट का पक्कीकरण कार्य शुरू हो गया है। निर्माण कार्य का शुभारंभ विधिवत पूजा-पाठ के साथ किया गया। इस पहल से क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। बता दें कि चौसा बाजार घाट पर पर्व-त्योहारों के अवसर पर ही नहीं, बल्कि प्रतिदिन हजारों की संख्या में दूर-दराज और आस-पास के क्षेत्रों से श्रद्धालु स्नान के लिए आते हैं। कच्चा घाट होने के कारण उन्हें फिसलन और अन्य असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। अब पक्की सीढ़ियों के निर्माण



से स्नान के दौरान फिसलने या चोट लगने जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी। नगर पंचायत के उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विकास राज ने जानकारी दी कि उन्होंने घाट निर्माण के लिए कई बार विधान परिषद सदस्य से आग्रह किया था। छह माह पूर्व इस कार्य के लिए 10 लाख रुपये की स्वीकृति मिली थी, किंतु गंगा का जलस्तर अधिक होने के कारण निर्माण कार्य आरंभ नहीं हो सका था। वर्तमान में जलस्तर स्थिर होने के बाद कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। स्थानीय लोगों ने इस कदम को जनहित में एक महत्वपूर्ण प्रयास बताया और आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इस प्रकार के विकासात्मक कार्य होते रहेंगे। निर्माण कार्य के शुभारंभ के मौके पर वार्ड पार्षद चंदन चौधरी, शैलेश कुशवाहा, आनंद रावत, संतोष चौधरी सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## मुफस्सिल पुलिस ने विभिन्न मामलों में छह को किया गिरफ्तार

**चौसा।** मुफस्सिल पुलिस ने थाना के विभिन्न क्षेत्रों में छापामारी अभियान चलाकर पूर्व के मामलों के आधा दर्जन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने बताया कि एससी-एसटी के अंतर्गत फरार चल रहे शांतिनगर निवासी नामजद अभियुक्त अजय कुमार को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। वही, थाना क्षेत्र के चकरहंसी से पूर्व के मारपीट के मामले में एक साथ तीन भाईयों अभियुक्त सुरेश राम, सुनील राम तथा अंतु राम को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जबकि, दो शराबी को भी हिरासत में लिया गया है। सभी गिरफ्तार व्यक्तियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के तहत न्यायालय के समक्ष ले जाया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अपराध और असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर है और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

## 537 शिक्षकों को बांटा गया नियुक्ति पत्र, 15 मई से विद्यालयों में करेंगे योगदान

**केटी न्यूज/बक्सर**

नगर के बुनियादी विद्यालय परिसर में मंगलवार को बीपीएससी टीआरई-3 के तहत सफल प्रतिभागियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। नियुक्ति पत्र का वितरण दो दिनों में पूरा किया जाएगा। पहले दिन एक से आठवीं तक के अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। वहीं आज बुधवार को शेष 9वीं से 12वीं तक के शिक्षक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटा जाएगा। टीआरई-3 के तहत सफल अभ्यर्थियों को विद्यालय एलॉट कर दिया गया है। वहीं जिले मे पहली से बारहवीं तक के कुल 905 शिक्षकों की सूची प्राप्त हुई है। जिन्हें दो भागों में बांटकर नियुक्ति पत्र का वितरण दो दिनों में किया जा रहा है। मंगलवार को पहली से आठवीं तक के कुल 537 शिक्षक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। वहीं दूसरे दिन 9वीं से 12वीं तक के अभ्यर्थियों का नियुक्ति पत्र बंटेगा। नियुक्त पत्र वितरण नगर के बुनियादी विद्यालय परिसर मे काउंटर बनाकर किया गया. जिसमें एक से पांचवीं कक्षा के शिक्षकों का नियुक्ति पत्र वितरण को लेकर चार कांउटर बनाया गया था। जहां कुल 331 शिक्षक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। जिसमें उर्दू के 64 प्रतिभागी शामिल रहे। वहीं 6 से 8वीं कक्षा के हिंदी, संस्कृत, उर्दू एवं अंग्रेजी के कुल 102 शिक्षक अभ्यर्थियों तथा साइंस, सोसल साइंस एवं गणित विषय के कुल 104 शिक्षक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र पहले दिन दिया गया। इस संबंध में डीपीओ स्थापना विष्णुकांत राय ने बताया कि जिले को कुल 904 शिक्षकों की सूचि प्राप्त है। सुविधा को देखते हुए पहली से आठवीं तक के शिक्षकों अभ्यर्थियों का नियुक्ति पत्र मंगलवार को बांटा गया। वहीं बुधवार को 9वीं से 12वीं तक के शिक्षक अभ्यर्थियों का नियुक्ति पत्र वितरित किया जाएगा।

## सुबह से निकली चिलचिलाती धूप और गर्म हवा ने शरीर को झकझोर दिया

# जिले में तापमान 40 डिग्री के हुआ पार, सताने लगा हीट वेव

- डॉक्टरों के अनुसार धूप में निकलते समय शरीर को पूरी तरह से ढकना जरूरी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

आग उगलती गर्मी ने जनजीवन को बेहाल कर दिया है। न दिन में चौन है और न ही रात को सुकून की नींद। लू के थपेड़ों ने दोपहर में सड़कों पर निकलना मुश्किल कर दिया है। मंगलवार की सुबह से निकली चिलचिलाती धूप और गर्म हवा ने शरीर को झकझोर दिया। धूप की तपिश और गर्मी का असर शहर की सड़कों पर साफ दिख रहा है। दोपहर में सड़के सूनी हो रही तो गांव व शहर में लोग घरों में ही रहकर धूप से बचने का प्रयास कर रहे हैं। भीषण



गर्मी के चलते कूलर व पंखे भी राहत नहीं पहुंचा पा रहे हैं। पंखे की हवा लू की तरह लग रही है। जरूरी काम से निकले लोग सिर पर गमछा से चेहरे को ढककर ही बाहर निकल रहे हैं। पिछले दिनों हुई आंधी-बारिश से लोगों को राहत जरूर मिली थी, लेकिन धीरे-धीरे गर्मी का असर दोबारा से शुरू हो गया है। सुबह सूर्य देव के दर्शन के साथ ही तेज धूप होने से गर्मी बढ़ गयी। धूप की तपिश के साथ उमस से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। लोग घरों से भी निकलने से कतरा रहे हैं। मौसम की तल्खी कुछ इस कदर है कि बाजारों में भी इसका असर साफ दिख रहा है। लोग खरीदारी के लिए अब शाम के समय ही निकल रहे हैं। बदन को झुलसा देने वाली चटक धूप राहगीरों को परेशान कर रही है। धूप की तेजी लोग सहन नहीं कर पा रहे हैं। हालांकि शाम में सूर्य की तपिश कम होने से लोगों को थोड़ी राहत मिली। अधिकतर लोग कुलर या एसी का सहारा ले रहे हैं। वहीं गरीब लोगों के लिए पंखा ही गर्मी भगाने का एकमात्र उपाय है। वहीं बिजली ट्रिपिंग भी ज्यादा हो रही है। देर रात तक बिजली की आंखमिचौनी चलती रही। जिससे लोगों की नींद भी गायब हो रही है। गर्मी ने रात-दिन लोगों की परेशानी बढ़ा दी है।

**ठंडे पेय की दुकानों पर उमड़ रही भीड़ :** गर्मी की वजह से शहर में विभिन्न जगहों पर लस्सी, जूस, गन्ने का रस आदि शीतलपेय की दुकानें सज गई हैं.। दोपहर के समय घरों के बाहर निकलने वाले लोगों की शीतलपेयों की दुकानों में भीड़ उमड़ रही है.। इसमें लस्सी, गन्ने का जूस व अन्य शीतलपेय की बिक्री में इजाफा हुआ है। कई लोग शाम को इसका सेवन करने के लिए बाजारों में देखे जा सकते हैं।

**बाहर निकलते समय शरीर को ढकना जरूरी :** डॉक्टरों के अनुसार धूप में निकलते समय शरीर को ढकना जरूरी है। साथ ही अन्य मौसमों की तरह गर्मियों में भी डाइट का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। इस मौसम में ऐसी चीजों का सेवन करना चाहिए जिनमें पानी की मात्रा ज्यादा हो। गर्मी के मौसम में तरबूज, खरबूज, खीरा, ककड़ी आदि का सेवन करना चाहिए। कोशिश करें कि तले-भुने खाने की जगह हल्का व पौष्टिक आहार हो। कच्चे आम का पन्ना, नारियल पानी, दही, लस्सी और छाछ का भी सेवन करने से लू लगने का खतरा भी कम हो जाता है।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में आवेदनों की संख्या में करें बढ़ोत्तरी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बिहार सरकार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा। जिसमें डीएम अंशुल अग्रवाल एवं संबंधित विभाग के पदाधिकारियों ने भाग लिया। वीसी में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण के लिए भूमि की उपलब्धता, आंगनबाड़ी केंद्र पर विद्युत,



शौचालय एवं पेयजल की सुविधा उपलब्धता, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना, कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, यूडीआईडी कार्ड निर्गमन, वन स्टॉप सेंटर एवं जिला हब फॉर एंपावरमेंट फॉर वीमेन के रिक्त पदों पर नियोजन की कारवाई इत्यादि की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया गया। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विशेष विकास शिविर के आयोजन एवं निष्पादन की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया गया। पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति के तहत लंबित भुगतान को यथाशीघ्र निष्पादित करने का दिया गया निर्देश।

# ट्रैक्टर व बाइक की सीधी भिड़ंत में युवक की मौत

- धोबहा थाना क्षेत्र के हेमतपुर गांव में मंगलवार की दोपहर घटी घटना
- इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में तोड़ा दम



**केटी न्यूज/आरा**

आरा-सलेमपुर मुख मार्ग पर जिले के धोबहा थाना क्षेत्र के हेमतपुर गांव में ट्रैक्टर व बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक चला रहे वीडियोग्राफर की मौत हो गई।इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जबकि बाइक पर पीछे बैठे उसके दो दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वही जख्मी दोनों युवकों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घटना को लेकर आसपास की इलाके में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। वहीं घटना के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़ मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक बिहिया थाना क्षेत्र के बेलवनिया गांव निवासी गोविंद ठाकुर का 20 वर्षीय पुत्र ब्लू ठाकुर है। वह पेशे वीडियोग्राफर था एवं शादी-विवाह व अन्य पार्टियों वीडियोग्राफर का काम करता था। जबकि जख्मियों में शाहपुर थाना क्षेत्र के रामडीहरा गांव निवासी अभिराम तिवारी का 30 वर्षीय पुत्र दयाशंकर तिवारी उर्फ ब्लू तिवारी एवं बिहिया थाना क्षेत्र के बेलवनिया गांव निवासी ललन गोड़ का 32 वर्षीय पूर्व सुधीर कुमार गोड़ है एवं तीनों दोस्त है। इधर मृतक के भाई अर्जुन ठाकुर ने बताया कि मंगलवार की सुबह 10 बजे वह शादी में वीडियो कैमरा का काम करने के लिए बाइक से घर से निकला था। इसी बीच हेमतपुर गांव में ट्रैक्टर व उनकी बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। जिससे तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसकी सूचना उनके परिजनों को दी गई।

## मवेशी चराने गये छपरा के युवक की सोन के भागड़ में डूबने से मौत

**आरा।** जिले के बबुरा थाना क्षेत्र के बंधु छपरा गांव स्थित सोन नदी के भागड़ में डूबने से मवेशी चराने गये युवक की मौत हो गयी। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही. जानकारी के अनुसार मृतक सारण (छपरा) जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र के रायपुर बिंदगावां गांव निवासी लाल बाबू राय का 18 वर्षीय पुत्र लवकुश राय है। इधर, मृतक के चाचा बच्चा लाल यादव ने बताया कि वह सुबह करीब 10 बजे घर से मवेशी को लेकर चराने के लिए बंधु छपरा गांव स्थित सोन नदी के भागड़ की तरफ गया था। इसी दौरान वह उसमें डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गयी। शाम में जब वह घर वापस नहीं लौटा, तो परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था। मंगलवार की सुबह स्थानीय ग्रामीणों ने उसके शव को सोन के भागड़ में पड़ा देखा, तब इसकी सूचना उसके परिजनों को दी।

सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और स्थानीय लोगों के सहयोग से शव को पानी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक के चचेरे भाई अरुण कुमार का मंगलवार को तिलक एवं चचेरी बहन मुस्कान की बारात आने वाली थी। घर में शादी को लेकर मंगल गीत गाये जा रहे थे। इसी बीच युवक की मौत की खबर मिलने से घर में मातमी सन्नाटा पसर गया। घर में रोने-धोने एवं चीखने-चिल्लाने की आवाज गूंजने लगी। मृतक अपने दो भाई व तीन बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां सगरातो देवी व तीन बहन प्रियंका देवी, मनीता कुमारी, सलोनी कुमारी एवं एक भाई हरीचंद्र राय है। घटना के बाद मृतक के घर में हाहाकार मच गया है। उसकी मां सगरातो देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पांच दिन पूर्व अहमदाबाद से लौटा था घर, विषैले सांप के डंसने से हुई मौत

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शुभकरणगंज गांव में सोमवार की रात विषैले सांप के डसने से एक युवक की मौत हो गयी। इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शुभकरणगंज गांव निवासी गंगा दयाल महतो का 34 वर्षीय पुत्र मुन्ना महतो है। वह पेशे से मजदूर था। गुजरात के अहमदाबाद स्थित प्राइवेट कंपनी में काम करता था। इधर, मृतक के परिजन ने बताया कि पांच दिन पूर्व वह अहमदाबाद से वापस गांव लौटा था। सोमवार की रात वह जब घर बाहर स्थित सड़क चाट से उतरकर खेत की ओर जा रहा था। उसी दौरान विषैले सांप ने उसे डंस लिया, जिससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गयी। परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां से उसे पटना रेफर कर दिया गया। परिजन उसे इलाज पटना ले जा रहे थे। तभी रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया, जिसके बाद परिजन उसके शव को वापस गांव ले आये। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई एवं चार बहन में तीसरे स्थान पर था। उसके परिवार में पत्नी रीमा देवी व दो पुत्री राधिका, रानी एवं एक पुत्र प्रेमराज है। घटना के बाद मृतक के घर में हाहाकार मच गया है। उसकी पत्नी रीमा एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

## खसरा से बचाने के लिए शिशुओं का अनिवार्य कराएं टीका : संजय

**केटी न्यूज/आरा**

जिले में गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को जिले का अधिकतम तामपान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो प्रतिदिन बढ़ता जाएगा। वहीं, मौसम में हो रहे बदलाव को लेकर जिला स्वास्थ्य समिति अलर्ट मोड पर है। खासकर बच्चों को बीमारियों से बचाने के लिए विभाग पूरी तत्पर है। बढ़ती गर्मी और संक्रमण के कारण इस मौसम में बच्चे ज्यादा बीमार पड़ते हैं। जिसको लेकर जिला स्तर से लेकर पंचायत स्तर पर तक बच्चों को दिए जाने वाले टीकों का अनुश्रवण नियमित रूप से किया जा रहा है। अमूमन गर्मी के मौसम में तापमान के साथ ही बच्चों में खसरा (मीजल्स) का खतरा बढ़ जाता है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग सतर्क है। आमतौर पर गर्मी के मौसम में बच्चों को शिकार बनाने वाला खसरा एक प्रकार का वायरल संक्रमण है। नवजात शिशु से लेकर पांच वर्ष तक के शिशु इस इन्फेक्शन के ज्यादा शिकार होते हैं। इसलिए बच्चों को खसरा से बचाने के लिए जिला प्रतिरक्षण कार्यालय बच्चों को टीकाकृत कराने पर जोर दे रहा है। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि खसरा बच्चों में होने वाली संक्रामक बीमारी है। खसरा एक प्रकार का ड्रॉपलेट इंफेक्शन है जो नाक, गले, या फेफड़ों से निकलने वाले एयरबोर्न ड्रॉपलेट के जरिए चार से छह फुट के क्षेत्र में फैलता है, इसलिए इसके मामलों में आइसोलेशन की जरूरत होती है। एक बार इसके होने की पुष्टि हो जाने के बाद मरीज को परिवार के दूसरे सदस्यों से अलग रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि खसरे से संक्रमित बच्चे को पहले तेज बुखार आता है। साथ ही उसके हाथ, पैर और पेट आदि स्थानों पर लाल रंग के दाने उभर आते हैं। बच्चे को जरूरत से ज्यादा कमजोरी महसूस होती है।

## मारपीट में जख्मी छात्र की 17 दिन बाद मौत

**केटी न्यूज/आरा**

आरा रेलवे स्टेशन पर मारपीट में जख्मी स्नातक के एक छात्र की 17 दिन बाद मौत हो गई। इलाज के दौरान पटना स्थित एम्स में सोमवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया। मृत छात्र मूल रूप से बिहिया थाना क्षेत्र के ओसाई गांव निवासी हरिद्वार ठाकुर का 26 वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार था। वह काफी सालों से टाउन थाना क्षेत्र के पश्चिम टोला मोहल्ले में अपने परिवार के साथ रहता था। परिजनों के अनुसार मारपीट के दौरान बदमाशों ने उससे करीब एक लाख 20 हजार रुपए और सोने की चेन भी छीन ली थी। वहीं उस मामले में रेल पुलिस की ओर से अब तक प्राथमिकी भी दर्ज नहीं की गयी है। परिजनों ने बताया कि वह करीब दो वर्षों से बीमार चल रहा था। पिछले एक वर्ष से उसका इलाज के यूपी में लखनऊ के केजीएमयू अस्पताल में चल रहा था। उसी सिलसिले में गत 27 अप्रैल की रात वह अपने पिता के साथ चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस से लखनऊ जाने के लिए आरा रेलवे स्टेशन पर पहुंचा था। दो नंबर प्लेटफॉर्म पर ट्रेन पर चढ़ने के दौरान कुछ लोगों ने उसका कॉलर पकड़ ट्रेन से नीचे उतार दिया। इसका विरोध करने पर बदमाशों ने उसे पीट-पीटकर अधमरा कर दिया था। वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। इसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया था। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया था। तब उसे इलाज के लिए पटना स्थित एम्स ले जाया गया था। उसी समय से एम्स में ही उसका इलाज चल रहा था। इस बीच सोमवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर घर ले आए। इधर, परिजनों का कहना है कि मारपीट की घटना को लेकर उसके बड़े भाई सतीश कुमार की ओर से 28 अप्रैल को जीआरपी थाने में आवेदन दिया गया था। इसमें कहा गया था कि 27 अप्रैल की रात सत्यम कुमार रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो पाटलिपुत्र-चंडीगढ़ एक्सप्रेस में चढ़ रहा था। तभी कुछ व्यक्तियों की ओर स मारपीट की गयी और सोने की चेन व इलाज के लिए बैग में रखे गए एक लाख 20 हजार रुपये भी छीन लिये थे।










## पूर्व उपमुख्यमंत्री की पहली पुण्यतिथि मनी, रविंद्र भवन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

# पुण्यतिथि पर भावुक हुईं सुशील मोदी की पत्नी, चुनाव लड़ने की जताई इच्छा

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार भाजपा में इन दिनों राजनीतिक विरासत को लेकर चचाएं तेज हैं। सुशील मोदी जैसे प्रभावशाली नेता के निधन के बाद पार्टी अब यह तय कर रही है कि उनकी राजनीतिक विरासत को कौन आगे बढ़ाएगा? बिहार की राजनीति में अपनी स्पष्ट सोच, मजबूत व्यक्तित्व और लंबी राजनीतिक पारी के लिए पहचाने जाने वाले पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी की मंगलवार को पहली पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर पटना के रविंद्र भवन में एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, समर्थक और उनके परिवार के लोग मौजूद थे। पुण्यतिथि पर सुशील मोदी को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की गई।




पटना के रविन्द्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में उनकी पत्नी जेसी जॉर्ज मोदी भी शामिल हुईं और उन्होंने भावुक होकर अपने जीवनसाथी को याद किया। साथ ही, पहली बार उन्होंने सार्वजनिक रूप से यह संकेत भी दिया कि वह राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने को तैयार हैं। जेसी जॉर्ज मोदी ने कहा कि "मैं चुनाव लड़ सकती हूं, लेकिन फैसला पार्टी को लेना है"पूर्व प्रोफेसर रह चुकीं जेसी जॉर्ज मोदी ने आगे कहा कि यदि पार्टी चाहे तो वह बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ने को तैयार हैं। मैं चुनाव लड़ सकती हूं, लेकिन यह फैसला भारतीय जनता पार्टी को करना है। पार्टी जो तय करेगी, मैं उसका सम्मान करूंगी।"सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिहार विधानसभा चुनाव आगामी नवंबर-दिसंबर में प्रस्तावित है। बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के दिवंगत नेता सुशील कुमार मोदी के परिवार से किसी एक को टिकट देने पर विचार पार्टी कर रही है, ऐसे में सुशील कुमार मोदी की पत्नी जेसी जॉर्ज मोदी का नाम सबसे आगे चल रहा है।

पुण्यतिथि पर जेसी जॉर्ज मोदी भावुक हो गयीं। उन्होंने अपने निजी जीवन के कुछ भावुक पल मीडिया के समक्ष साझा किए। कहा कि शादी के शुरूआती दिनों में जब वो मुंबई से बिहार आईं थी तब उनके पति सुशील मोदी सार्वजनिक जीवन में इतने व्यस्त रहते थे कि उन्हें समय नहीं दे पाते थे। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा था कि "मैं तुम्हें छोड़कर मुंबई लौट जाऊंगी तब सुशील मोदी जी जवाब देते थे कि मैं तुम्हें छोड़ूंगा ही नहीं। यह भावना आज की पीढ़ी में बहुत कम देखने को मिलती है। सूत्रों के हवाले से ऐसा संकेत मिल रहा हैं कि जेसी जॉर्ज मोदी को 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया जा सकता है। इस बात का फैसला आलाकमान को लेना है। जिस पर सभी की नजरें टिकी हुई है।

सुशील मोदी की पहली पुण्यतिथि के मौके पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष, सांसद, विधायक और अन्य प्रमुख नेता मौजूद थे। सभी ने सुशील मोदी के योगदान को याद करते हुए उन्हें एक विचारशील, दृढ़ और ईमानदार राजनेता बताया, जिन्होंने बिहार की राजनीति को एक नई दिशा दी।


## सीएम ने किया सुशील मोदी स्मृति पार्क का नामकरण

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज राजेन्द्र नगर स्थित रानी पार्क में पूर्व उप मुख्यमंत्री पद्मभूषण स्व० सुशील कुमार मोदी की पुण्य तिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने स्व० सुशील कुमार मोदी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शिलापट्ट अनावरण कर सुशील कुमार मोदी स्मृति पार्क का नामकरण सह लोकार्पण किया। पहले इस पार्क का नाम रानी पार्क था, आज से स्व० सुशील कुमार मोदी जी के नाम पर इस पार्क को सुशील कुमार मोदी स्मृति पार्क के रूप में जाना जायेगा। मुख्यमंत्री ने सुशील कुमार मोदी स्मृति पार्क में स्व० सुशील कुमार मोदी की आदमकद प्रतिमा लगाने तथा उनकी पुण्य तिथि को राजकीय समारोह के रूप में मनाये जाने की घोषणा की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, सहकारिता मंत्री डॉ० प्रेम कुमार, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डे, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी, पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता समेत अन्य मौजूद थे।

## ऑनलाइन सुविधा... अब घर बैठे बनवाएं राशन कार्ड

**केटी न्यूज/पटना**

अब राज्य सरकार की पहल से ऑनलाइन राशन कार्ड बनाना आसान हो गया है। अब योग्य लाभार्थी अब घर बैठे आसानी से अपना राशनकार्ड बनवा सकते हैं। इससे आम लोगों को दफ्तरों के चक्कर और वहां लगने वाली लम्बी कतारों से छुटकारा मिल रहा है। सरकार ने नया राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन की पूरी प्रक्रिया को डिजिटल और पारदर्शी बनाया है। इसके आवेदन के लिए वेबसाइट Rconline.bihar.gov.in पर जाना होगा। वहां 'न्यू यूजर साइन अप फॉर मेरी पहचान' पर क्लिक कर रजिस्ट्रेशन करना होगा। यहां परिवार के किसी सदस्य के नाम से फॉर्म भरने के बाद मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के जरिए रजिस्ट्रेशन पूरा होगा। इसके बाद नई आईडी और पासवर्ड से लॉगिन कर आवेदन पत्र भरा जा सकता है। आवेदन प्रक्रिया में परिवार के सदस्यों की जानकारी दर्ज कर आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, बैंक पासबुक, निवास प्रमाण पत्र , परिवार का फोटो, आवेदक के हस्ताक्षर का फोटो, तथा यदि शर्तें लागू हो तो विकलांगता, आय या जाति प्रमाण पत्र की स्वहस्ताक्षरित फोटोकॉपी अपलोड करनी होगी। आवेदन जमा करने के बाद रेफरेंस नंबर मोबाइल पर एसएमएस के जरिए प्राप्त होगा, जिससे आवेदन की स्थिति को ट्रैक किया जा सकेगा।




# कोर्ट परिसर से हथकड़ी खोलकर भाग निकला तस्कर

**केटी न्यूज/पटना**

विदेशी तस्कर' पुलिस की गिरफ्त से हुआ फरार, हथकड़ी खोलकर भागने में रहा कामयाब

सीतामढ़ीः बिहार के सीतामढ़ी सिविल कोर्ट के बाहर से पुलिस की गिरफ्त से शातिर एक विदेशी तस्कर फरार हो गया। घटना मंगलवार की है। शातिर तस्कर हथकड़ी निकाल कर फरार हुआ है। अब जिला पुलिस तस्कर की खोज में जगह-जगह खाक छान रही है। हालांकि अब तक वह पुलिस की पकड़ में नहीं आ सका है। उसके खिलाफ डुमरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बहरहाल, किसी बंदी के फरार होने की यह कोई पहली घटना नहीं है।

तस्कर के फरार होने के बाद पुलिसकर्मियों के बीच अफरा-तफरी का माहौल हो गया। जो भी बंदी को अभिरक्षा दिए हुए थे, उसकी खोज में जुट गए। कड़ी मशक्कत के बावजूद वह हाथ नहीं लगा। फरार बंदी यानी तस्कर का नाम बाल्मीकि महतो बताया गया है, जो नेपाल के सरलाही जिले के मलंगवा थाना के सुख सैनी ग्राम के राम एकवाल महतो का पुत्र है। बताया गया है कि सोमवार की देर शाम एसएसबी जवानों ने मेजरगंज थाना क्षेत्र के कुवारी मदन गांव से पांच किलो गांजा के साथ उक्त तस्कर को पकड़ कर मेजरगंज थाना पुलिस को सौंप दिया था। मंगलवार को पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने के लिए लेकर आई थी। पेशी से पूर्व ही पुलिस को चकमा देकर वह फरार हो गया।

**छह माह पूर्व भी ऐसी घटनाः** प्यार में पागल एक आशिक छेदी मंडल भी पुलिस की गिरफ्त से फरार हो गया था। यही वह शख्स है, जो ब्लेड से गर्दन और नसें काटकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी। यह घटना करीब छह माह पूर्व की है। छेदी मंडल पड़ोसी मधुबनी जिले के मधवापुर थाना क्षेत्र के पिरौखर गांव के जीतन मंडल का पुत्र है। उसका पुपरी थाना क्षेत्र की एक लड़की से कथित तौर पर प्रेम प्रसंग चल रहा था। लड़की की मां ने छेदी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने छेदी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश की थी। उसे जेल भेज दिया गया था। बाद में जख्मी हालत में उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तब वह अस्पताल के शौचालय की खिड़की को तोड़कर फरार हो गया था।

**हथकड़ी समेत बंदी हुआ था फरारः** अगस्त 2023 में भिट्ठा ओपी से एक बंदी के फरार हो गया था। वह चौकीदार को चकमा देकर हथकड़ी के साथ भागा था। फरार बंदी अजय मंडल था, जो सुरसंड नगर क्षेत्र के मैदान टोला निवासी शत्रुघ्न मंडल का पुत्र था। इससे पूर्व 20 नवंबर 2021 को शराब के मामले में पकड़े गए दो आरोपित फरार हो गए थे।




## बिहटा में हादसा... पत्नी के सामने ही पति और भाई की चली गई जान

**केटी न्यूज/पटना**

पटना के बिहटा में एक ट्रक ने बाइक सवारों को रौंद दिया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी। दोनों रिश्ते में जीजा-साला थे। जबकि एक महिला इस हादसे में जख्मी हो गयी है. तीनों एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। बिहटा-सरमेरा पथ पर सोमवार की देर शाम को ट्रक की चपेट में तीनों आ गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने हादसे के बाद ट्रक में आग लगा दी।

मृतकों में पुरुषोत्तमपुर पैनाठी के अरविंद कुमार (25 वर्ष) और उनका साला गोनपुरा जानीपुर निवासी प्रिंस कुमार (10 वर्ष) है। वहीं अरविंद की पत्नी निभा देवी इस हादसे में जख्मी हुई है। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है. हादसे के बाद आसपास के लोग बड़ी तादाद में मौके पर जुटे और सड़क जाम करके प्रदर्शन करने लगे। सूचना पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। आक्रोशित भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया। जिसमें नेऊरा थानाध्यक्ष और बिहटा थाना के उप थानाध्यक्ष समेत करीब आधा दर्जन पुलिसकर्मी घायल हो गए। स्थिति नियंत्रण से बाहर होता देख पुलिस ने बल प्रयोग भी किया। लाठीचार्ज में मृतक की मां और ससुर समेत कई लोग जख्मी हुए हैं। भीड़ ने ट्रक को आग के हवाले कर दिया। काफी मशक्कत के बाद ट्रक को भीड़ से हटाकर नौबतपुर के रास्ते आगे ले जाया गया। गोनवा में एक पेट्रोल पंप के करीब आग को बुझाया गया। करीब तीन घंटे तक सड़क जाम रहा। इस घटना ने दो परिवार को तबाह किया है। महज तीन महीने पहले ही निभा देवी की शादी अरविंद से हुई थी। निभा का इकलौता भाई प्रिंस विदाई के समय ही उसके ससुराल आया था।

## घूस के 20 हजार रुपए और वाशिंग मशीन के साथ दबोचे गए दारोगा

**केटी न्यूज/पटना**

सीवान में निगरानी की टीम ने एक दारोगा को रिश्वत में वाशिंग मशीन और 20 हजार रुपए नगद के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मामला नगर थाना क्षेत्र के अस्पताल रोड़ का है। आरोपी दारोगा को निगरानी की टीम गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। इस मामले में निगरानी टीम का कहना है कि मंगलवार को नगर थाने के अस्पताल रोड से जिले के असाव थाने के एसआई मिथिलेश कुमार मांझी को रिश्वत में वाशिंग मशीन एवं 20 हजार रुपए नगद के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

शिकायतकर्ता असाव थाने के ससराव निवासी चंदन कुमार यादव ने मेरे पट्टीदार से जमीनी विवाद को लेकर मारपीट के मामले में पट्टीदार द्वारा मुझे एवं परिवार के अन्य लोगों को आरोपी बनाया था। उसने बताया कि कांड अनुसंधानकर्ता मिथिलेश कुमार मांझी द्वारा केस से मेरा नाम हटाने एवं डायरी में परिवार के लोगों को मदद करने के लिए वाशिंग मशीन एवं 20 हजार रुपए की डिमांड की गई। उसने बताया कि हमेशा समान एवं पैसे के लिए मिथिलेश कुमार मांझी द्वारा जब दबाव दिया जाने लगा तो उन्होंने निगरानी विभाग में शिकायत की। मंगलवार को वाशिंग मशीन एवं पैसे लेने के लिए मिथिलेश कुमार मांझी द्वारा अस्पताल रोड बुलाया गया, जहां से निगरानी विभाग के डीएसपी राजन प्रसाद के नेतृत्व में निगरानी की टीम ने एस आई मिथिलेश कुमार मांझी को वाशिंग मशीन एवं 20 हजार रुपए के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। निगरानी की टीम गिरफ्तार कर सीवान परिसदन लायी, जिससे फिलहाल पूछताछ की जा रही है।




### बिहार सरकार ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से मांगी अनुमति

# बिहार के सभी प्रखंडों में खुलेंगे सहकारी बैंक, 15 जिलों में होंगी 144 शाखाएं : डॉ. प्रेम कुमार

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के 15 जिलों में जल्द सहकारिता बैंक खोलने की कवायद शुरू होने जा रही है। इन जिलों की 144 प्रखंडों में इसे खोलने के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से राज्य सरकार ने अनुमति मांगी है। अनुमति मिलने के बाद सहकारिता बैंक की शाखाएं खोली जाएंगी। वर्तमान में 23 जिलों में सहकारिता बैंक मौजूद हैं। सभी 534 प्रखंडों में अभी 290 में सहकारिता बैंकों की शाखाएं खुल चुकी हैं। ये बातें मंगलवार को सहकारिता विभाग मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के संवाद कक्ष में आयोजिक प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने अंतराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के आयोजन के अवसर पर राज्य में विभिन्न सहकारी बैंकों की तरफ से चलाए जा रहे विशेष अभियान के बारे में भी जानकारी दी। 6 मई से 30 मई तक बिहार राज्य सहकारी बैंक तथा जिला स्तरीय सहकारी बैंकों की सभी शाखाओं में विशेष बैंकिग अभियान चलाया जा रहा है।

**15 जून तक सभी प्रखंडों में खुलेगा वेजफेडः** मंत्री ने कहा कि किसानों को मदद पहुंचाने के लिए हमने बिहार स्टेट वेजिटेबल प्रोसेसिंग एंड मार्केटिंग फेडरेशन यानि वेजफेड बनाया है। 470 प्रखंडों में हमारी समिति गठित हो चुकी है। 15 जून तक राज्य के सभी प्रखंडों इसका गठन हो जाएगा, तब यह बिस्कोमान की तरह एक बड़ा फेडरेशन बन जाएगा। बिस्कोमान की तर्ज पर ही वेजफेड का गठन किया जा रहा है। इससे बिहार की जो सब्जियां कोल्ड स्टोरेज के अभाव में बर्बाद हो जाती थी वे अब बर्बाद नहीं होंगी। इससे किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी। इस सिलसिले में राज्य के सभी प्रखंडों 10 टन का कोल्ड स्टोरेज, 20 टन का गोदाम आदि खोले जाएंगे। इसको लेकर काम शुरू हो चुका है। सहकारिता विभाग की प्रमुख योजना के तहत संयुक्त देयता समूह और स्वयं सहायता समूह के माध्यम से एक लाख किसानों और मजदूरों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है।

**6 से 30 मई तक चलेगा विशेष अभियानः** मंत्री ने अंतराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के आयोजन के अवसर पर राज्य में विभिन्न सहकारी बैंकों के स्तर पर चलाए जा रहे विशेष अभियान से संबंधित विस्तार से जानकारी दी। बताया कि इस अभियान के दौरान 6 मई को बैंकों में विशेष कार्यक्रम के तहत माइक्रो एटीएम का वितरण, जमा वृद्धि और नए खाते खोले गए। 7 मई को ऋण वसूली अभियान चलाया गया। 8 मई को संयुक्त देयता समूह और स्वयं सहायता समूहों को ऋण वितरित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### अब याचना नहीं रण होगा : चंपाई सोरेन

**पूर्वी सिंहभूम, एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश के नाम संबोधन का समर्थन करते हुए इसे नए भारत का दृढ़ निश्चय बताया है। अपने एक्स पोस्ट में चंपई सोरेन ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत अब आतंकवाद को किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने लिखा कि पाकिस्तान से कोई भी बातचीत केवल पाक अधिकृत कश्मीर और आतंकवाद के मुद्दे पर होगी। मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर का हवाला देते हुए चेतावनी दी कि भविष्य में भारत पर हमला करने की कोशिश करने वाले आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारा जाएगा, चाहे सीमाएं बीच में हों या नहीं।प्रधानमंत्री ने यह भी साफ किया कि परमाणु हथियारों के नाम पर भारत को ब्लैकमेल नहीं किया जा सकता। आतंक और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते, और अब पानी और खून भी एक साथ नहीं बहेंगे, यह बयान उन्होंने दृढ़ता से दिया। सोरेन ने कहा कि यह कोई कोरी घोषणा नहीं, बल्कि भारत की नई रणनीतिक सोच है, जिसे पूरी दुनिया ने हाल के दिनों में देखा है। हमारी सेनाएं देश की सुरक्षा में पूरी तरह सक्षम हैं।

### पांच से ज्यादा चालान पेंडिंग, तो वाहन जब्त होगा

**रांची, एजेंसी।** ट्रैफिक पुलिस की सख्ती के बावजूद बाइक व स्कूटी सवार शहर में यातायात नियमों का पालन करने के लिए तैयार नहीं हैं। जान की परवाह किए बगैर सड़कों पर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हुए गाड़ियां चला रहे हैं। वाहन सवार का चालान भी कट रहा है, लेकिन फाइन की राशि वह जमा नहीं कर रहे हैं। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस अभियान चलाकर वैसे वाहन सवार को चिह्नितकर रही है, जिनका पांच से ज्यादा चालान पेंडिंग है। इनकी गाड़ी जब्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। शहर के आठ लोकेशन पर सोमवार को अभियान चलाकर ऐसी 20 बाइकों को जब्त कर संबंधित ट्रैफिक थाने में भेज दिया गया है। जब्त वाहन के मालिक को अब गाड़ी के पूरे कागजात के साथ ट्रैफिक थाना बुलाया गया है, जहां जांच के बाद फाइन की पूरी राशि जमा करने का निर्देश दिया जाएगा। फाइन की पूरी राशि जमा करने के बाद ही ट्रैफिक पुलिस वाहन छोड़ेगी। सेवानिवृत्त डीजीपी, एमपी, अन्वेष मंगलम का कहना है कि आंकड़ों पर गौर करें, तो अक्टूबर 2024 से मार्च 2025 तक ट्रैफिक पुलिस ने 3।14 लाख बाइक सवार को बगैर हेलमेट पहने गाड़ी चलाते हुए पकड़ा है। जिसके बाद उनका फाइन काटा गया है। इसके अलावा नो पार्किंग जोन में खड़े 18 हजार वाहन सवारों का भी चालान काटा गया है।

### हत्या के जुर्म में 11 साल जेल में बिताने के बाद सत्यनारायण साहू बरी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाईकोर्ट ने हत्या के जुर्म में दोषी ठहराए गए हटिया निवासी सत्यनारायण साहू और सबीना परवीन को बरी कर दिया है। दरअसल रांची सिविल कोर्ट ने 31 जुलाई 2014 को सत्यनारायण साहू को उसकी प्रेमिका सबीना के पति अफरोज खान की हत्या में सत्यनारायण को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। सिविल कोर्ट के फैसले के कुछ वर्षों बाद सबीना को हाईकोर्ट से बेल मिल गयी थी। लेकिन सत्यनाराण साहू लगभग 11 वर्षों से जेल में था। सत्यनारायण साहू और सबीना परवीन ने रांची सिविल कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए क्रिमिनल अपील दाखिल की थी। जिसपर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस राजेश कुमार की खंडपीठ में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष साबित नहीं कर पाया कि अफरोज खान की हत्या में सत्यनारायण साहू और सबीना परवीन की मिलीभगत थी और दोनों ने षड्यंत्र रचकर उसकी हत्या की।हालांकि चार्जशीट में पुलिस ने इस बात का जिक्र किया था कि सत्यनारायण साहू और सबीना परवीन की फोन पर अक्सर बातचीत होती थी। लेकिन पुलिस कोई ऐसा ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाई, जिससे यह साबित हो कि इन्हीं दोनों ने अफरोज की हत्या की है। हाईकोर्ट के इस आदेश से सत्यनारायण साहू को बड़ी राहत मिली है, क्योंकि सिविल कोर्ट के फैसले के बाद उसे करीब 11 वर्षों तक जेल की काल कोठरी के पीछे रहना पड़ा। सत्यनारायण साहू और सबीना परवीन की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता सूरज वर्मा और अधिवक्ता जितेंद्र सिंह ने बहस की। वहीं राज्य सरकार की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रिय श्रेष्ठ और नेहाला शरमीन ने पक्ष रखा।

# फर्जीवाड़ा कर बेची 1.34 एकड़ जमीन, अब डीड रद के लिए कोर्ट दौड़ रहे मालिक

**रांची, एजेंसी।** रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र स्थित मायल मौजा में 3.5 एकड़ जमीन की हेराफेरी का मामला सामने आया है। इस 3.5 एकड़ जमीन में 1.34 एकड़ जमीन की जालसाजी कर खरीद-बिक्री किए जाने के मामले में रैयत अब डीड रद कराने के लिए कोर्ट की दौड़ लगा रहे हैं।

रैयत अब ईडी में भी इसकी शिकायत करने जा रहे हैं। ईडी राज्य में जमीन घोटाला मामले की जांच कर रही है। रांची के बाद बोकारो में वन भूमि घोटाले की जांच कर रही ईडी रामगढ़ के इस मामले को भी अपने अधीन ले सकती है।

रामगढ़ के रजरप्पा थाना क्षेत्र में 1.34 एकड़ जमीन का यह मामला मायल मौजा के खाता नंबर 157 व 535 से संबंधित है। इस मामले में रैयत चितरपुर निवासी शंकर कुमार चौरसिया ने 30 जनवरी 2025 को एक साजिश के तहत जमीन हड़पने के मामले में रजरप्पा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।



उन्होंने साजिश रचने व धोखाधड़ी का आरोप रजरप्पा थाना क्षेत्र के सांडी गांव निवासी गोपाल चौधरी, रजरप्पा थाना क्षेत्र के चितरपुर निवासी पवन कुमार शर्मा तथा रजरप्पा के ही मारंग मरचा स्थित हरकी पौंडी कंस्ट्रक्शन के निर्देशक हर्ष कुमार चौधरी पर लगाया था।

हर्ष कुमार चौधरी की जमानत याचिका निचली अदालत से इस बिंदु पर खारिज हो चुकी है कि उन्होंने जमीन खरीदने के लिए तीन चेक से 67 लाख 25 हजार रुपये रैयत को दिए जाने का जिक्र किया था, लेकिन उस अवधि में उनके खाते में केवल 45 हजार 700 रुपये ही थे।

कोर्ट ने इसी बिंदु को पकड़ा और उनकी जमानत याचिका खारिज की। वे फिलहाल, पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं।शिकायतकर्ता शंकर कुमार चौरसिया ने रजरप्पा थाने में दर्ज प्राथमिकी में जानकारी दी है कि उन्होंने 19 जून 2023 को गोपाल चौधरी व पवन कुमार शर्मा के साथ उनकी 3.5 एकड़ जमीन के पावर के लिए निबंधित एकरारनामा किया था। इसमें किसी तरह का कोई लेन-देन नहीं हुआ था।

इकरारनामा में यह स्पष्ट रूप से निर्देशित था कि आरोपित जब भी उक्त संपत्ति की बिक्री करते हैं तो जमीन मालिक को उसकी कुल कीमत अदा करेंगे। जब दोनों के गलत क्रियाकलाप की उन्हें जानकारी हुई तो उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से 19 दिसंबर 2024 को पावर वापस लेने व उसका उपयोग नहीं करने के लिए निर्देशित किया।

इसके बावजूद सभी आरोपितों ने रैयत के नोटिस की अवहेलना कर 1.34 एकड़ जमीन की कुल कीमत 1,27,77,500 रुपये का भुगतान भी नहीं किया और एक साजिश के तहत जमीन हड़प ली।

## जल्द ही खराब पड़े चापाकल को ठीक कराया जाएगा : बीडीओ



**सिसई, एजेंसी।** सिसई के 18 पंचायत के 88 गांवों में नदी, तालाब, कुआं व चापानल सुखने लगा है। जगह-जगह पर जलमीनार खराब हो गया है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर जल नल योजना भी विफल साबित हो रहा है। जिसके वजह से प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों में लोग आज भी शुद्ध पानी पीने के लिए तरस रहे हैं। पेयजल आपूर्ति योजनाएं फाइलों पर ही धरी के धरी रह गई है। भीषण गर्मी के कारण अधिकतर जलस्रोत सुख चुके हैं। जो नहीं सूखे हैं वहां भी जलस्तर काफी नीचे चला गया है। वहीं चापानलों का हाल भी बेहाल हो गया है। जिसके वजह से प्रखंड के ग्रामीणों को एक घड़ा पानी लेने के लिए घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ता है जब जाकर पानी नसीब होता है। सिसई प्रखंड की आबादी लगभग डेढ़ लाख के आसपास है।

जहां प्रखंड की पूरी आबादी की प्यास बुझाने के लिए 2228 चापानल लगाया गया है। इनमें से आधे से अधिक चापानल खराब पड़े है। हांलाकि सरकारी आंकड़ों के अनुसार 218 चापानल पूरी तरह से खराब हो चुके है। वहीं 91 चापानल से गंदा पानी निकलता है और 420 चापानलों को मरम्मत की जरुरत है। लोगों का कहना है कि चापानल में बमुश्किल से 10 से 15 बाल्टी ही पानी निकलता है।

## पलामू के सरकारी अस्पताल में सब स्टैंडर्ड दवा की सप्लाई, 20 में से 18 दवाइयां घटिया निकली

**रांची, एजेंसी।** राज्य के सरकारी अस्पतालों में सब-स्टैंडर्ड क्वालिटी की दवाइयों की सप्लाई हो रही हैं। इसका खुलासा पलामू में स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवाओं की जांच कराने पर हुआ है। जिला भंडार और एक पीएचसी से 62 दवाओं के रैंडम सैंपल लिए गए थे। सैंपलों को जांच के लिए कोलकाता के सेंट्रल ड्रग लेबोरेट्री में भेजा गया था। सिर्फ 20 सैंपल की जांच रिपोर्ट में 18 दवाइयां सब-स्टैंडर्ड क्वालिटी की मिलीं। 42 सैंपलों की रिपोर्ट अभी आनी बाकी है। चिकित्सकों के अनुसार, ऐसी सब-स्टैंडर्ड दवाइयां लेने से बीमारी ठीक नहीं होती, लेकिन दूसरी बीमारी या अन्य साइड इफेक्ट जरूर होने लगते हैं। इधर, 20 दवाइयों की रिपोर्ट आने के बाद दवा सप्लाई करने वाली एजेंसी से अस्पतालों में इन दवाइयों की सप्लाई रोक दी गई है। ये दवाइयां गुजरात की फार्मा कंपनी द्वारा निर्मित है। जिसे जमशेदपुर के सप्लायर द्वारा पलामू में सप्लाई किया गया था।

कैल्शियम की दवा में कैल्शियम व विटामिन में विटामिन की मात्रा 5त्न भी नहीं मिलीसभी दवाइयों के सैंपल फरवरी में ही जांच के लिए भेजे गए थे। रिपोर्ट आने के बाद इन दवाइयों के वितरण को रोकने के लिए सिविल सर्जन को पत्र लिखा गया है। सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने बताया कि इन दवाइयो का वितरण किसी अस्पताल से मरीजों के बीच नहीं किया गया है।

औषधि निरीक्षक कैलाश मुंडा ने बताया कि जिला भंडार गृह से 47 और तरहसी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से 15 दवाइयों का सैंपल जांच के लिए कोलकाता में स्थित केन्द्रीय प्रयोगशाला भेजा गया था। जहां से 62 में से 20 दवाइयों की रिपोर्ट मिल गई है। इनमें 18 दवाइयां घटिया क्वालिटी की हैं। ये सभी दवाइयां कैल्शियम कार्बोनेट और विटामिन डी थ्री कंपोजिशन बताकर सप्लाई की गई थीं। लेकिन, इनमें कैल्शियम व विटामिन की मात्रा 5त्न भी नहीं मिली। फरवरी में ही जांच के लिए भेजे गए थे सैंपलसभी दवाइयों के सैंपल फरवरी में ही जांच के लिए भेजे गए थे।

# कोडरमा में हाथी के हमले से बुजुर्ग की मौत

## बहुभोज से लौटने के दौरान हाथी ने किया हमला

**कोडरमा, एजेंसी।** कोडरमा जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के सरमाटांड़ स्टेशन के पास सोमवार देर रात हाथी के हमले में सतडीहा गांव निवासी 62 वर्षीय किसान बासुदेव यादव की मौत हो गई। वे बेटे और भाई के साथ पड़ियाडीह गांव में आयोजित एक बहुभोज से लौट रहे थे। रात करीब 12 बजे उनकी बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया, जिसके बाद तीनों ने फुट ओवर ब्रिज से पैदल सफर शुरू किया। इसी दौरान झाड़ियों से निकले एक जंगली हाथी ने उन पर हमला कर दिया।

### सूंड से लपेट कर पटक डाला

बेटा और भाई तो किसी तरह जान बचाकर भाग निकले, लेकिन बासुदेव भाग नहीं सके। हाथी ने उन्हें सूंड से उठाकर पटक दिया और कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने हाथी को भगाने की कोशिश की। उन्होंने मशाल जलाकर जानवर को दूर भगाया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही जयनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए कोडरमा सदर अस्पताल भेजा। इधर घटना के बाद गांव में मातम



पसरा है। मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बासुदेव यादव खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे।

### वन विभाग ने दी 25 हजार की सहायता

घटना की सूचना के बाद जयनगर वन प्रक्षेत्र के रेंजर रविन्द्र कुमार मृतक के घर पहुंचे और तत्काल सहायता के रूप में मृतक के बेटे को 25 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी। कोडरमा डीएफओ सौमित्र शुक्ला ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं में कुल 4 लाख रुपए मुआवजे का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी होते ही शेष मुआवजा भी परिजनों को उपलब्ध कराया जाएगा।

### इलाके में हाथियों का आतंक जारी

बताते चलें कि पिछले दो महीनों से कोडरमा क्षेत्र में हाथियों का आतंक बना हुआ है। हाथियों का झुंड गांवों में घुसकर किसानों की फसलें बर्बाद कर रहा है, झोपड़ियों को तोड़ रहा है और अनाज नष्ट कर रहा है। वन विभाग की तमाम कोशिशों के बावजूद हाथियों को आबादी वाले इलाकों से दूर नहीं किया जा सका है। वन विभाग ने आश्वासन दिया है कि हाथियों के झुंड को क्षेत्र से हटाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

**कोडरमा में अज्ञात ट्रेन से कटा युवक**

## घर में बिना बताए निकला, पटरियों में मिली बॉडी, परिजनों ने कहा - हत्या हुई

**कोडरमा, एजेंसी।** कोडरमा जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह रेल लाइन के चैनपुर के समीप अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान डोमचांच थाना क्षेत्र के चैनपुर निवासी 30 वर्षीय मदन दास के रूप में हुई है। घटना को लेकर मृतक के परिजनों ने बताया कि मदन सोमवार की शाम करीब 4 बजे घर से निकले थे। जब वे देर रात तक घर से नहीं लौटे तो इन लोगों ने उनकी खोजबीन शुरू कर दी लेकिन इनका कहीं कुछ पता नहीं चला।

### पटरियों में मिली बॉडी

आज सुबह करीब 9 बजे परिजनों को पता चला कि मदन रेलवे लाइन के किनारे पड़े हुए हैं। इधर परिजनों ने बताया कि इनकी मौत ट्रेन की चपेट में आने से नहीं हुई है। बल्कि इनकी हत्या कर इसे रेल दुर्घटना का रूप दिया जा रहा है। मृतक के पिता रामचंद्र दास और उसके मौसेरे भाई सोनू ने बताया कि सोमवार की सुबह करीब 10 बजे गांव के ही राजू दास नाम का एक व्यक्ति मदन से उनके घर पर आया था। जिसके बाद शाम को करीब 4 बजे मदन घर में किसी को बिना कुछ बताए निकल गया था।

### पटरियों पर मिला फोन और हेडफोन

वहीं आसपास मौजूद लोगों का कहना है कि मदन हादसे का शिकार हो गया होगा। रेल पटरी पर



गिरे मोबाइल फोन और इयरफोन को देखकर ऐसा लगता है कि व्यक्ति अपने कान में हेडफोन लगाए हुए रेल पटरी पार करने की कोशिश कर रहा होगा। इसी बीच ट्रेन की चपेट में आ गया होगा। हादसे के बाद उसका दाहिना पैर कट गया और उसकी मृत्यु हो गई होगी। इधर घटना की सूचना डोमचांच पुलिस को दे दी गई है।

# परमवीर अब्दुल हमीद के नाम पर चौक, पर सुंदरीकरण वर्षों से अधूरा

**रांची, एजेंसी।** कांटाटोली स्थितअब्दुल हमीद चौक बरसों से सौंदर्यीकरण की राह देख रहा है। 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में दुश्मनों को धूल चटाने वाले वीर अब्दुल हमीद 10 सितंबर, 1965 युद्ध के दौरान शहीद हो गए थे। मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित अब्दुल हमीद की शहादत के आगे जहां पूरा भारत नतमस्तक है, वहीं कांटाटोली में उनको समर्पित अब्दुल हमीद चौक की बदहाली पर सरकार बेखबर है।

यहां के लोग उनको सम्मान देने के लिए 1965 के बाद से लगातार इस चौक पर परमवीर अब्दुल हमीद का शहादत दिवस मनाते आ रहे हैं। परमवीर अब्दुल हमीद स्मारक समिति के अध्यक्ष मुन्ना भाई और सचिव मोहम्द शहाबुद्दीन के अनुसार 1987 में परमवीर अब्दुल हमीद स्मारक समिति का गठन किया गया था। तब से लेकर आज तक इसी समिति के अंतर्गत प्रति वर्ष परमवीर अब्दुल हमीद की जयंती 1 जुलाई को और शहादत दिवस 10 सितंबर को मनाया जाता है। शहादत दिवस में कई बार ऐसे मौके आए हैं जिसमें परमवीर शहीद अब्दुल हमीद के परिवार से उनकी स्वर्गवासी प7ी रसूलन बीबी और बेटा तलत महमूद और पोता वसीम आते रहे हैं। इसके अलावा सेना के उच्च अधिकारी



भी कांटा टोली स्थित स्मारक स्थल पर अपनी हाजिरी देते रहे हैं। अब्दुल हमीद स्मारक समिति अपने कार्यक्रम में सभी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं को भी बुलाते रहे हैं। 2024 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं राज्यसभा सांसद महुआ मांजी ने भी स्मारक स्थल का शिलान्यास किया।

करीब 40 वर्षों से समिति केवल आश्वासन ही सुनती आई है। अब तक किसी ने भी परमवीर अब्दुल हमीद स्मारक स्थल का जीर्णोद्धार एवं सुंदरीकरण करने की जिम्मेदारी नहीं ली है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। समिति के अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड के करीब सारे कैबिनेट मंत्री एवं 1989 में आरआरडीए के अध्यक्ष रहे नज्म अंसारी भी आ चुके हैं। लेकिन सभी ने केवल आश्वासन ही दिया है।

सेना के उच्च अधिकारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा एवं गवर्नर को भी लिखित आवेदन देकर स्मारक स्थल का जीर्णोद्धार करने का आग्रह किया था। पूर्व मेयर रमा खालको ने जब मेयर का पदभार संभाला था तब समिति के लोगों के आग्रह को स्वीकार करते हुए चौक के नामकरण को बोर्ड से पारित कर स्वीकृति प्रदान की थी।

समिति के प्रधान महासचिव अधिवक्ता अख्तर हुसैन ने कहा कि हमारी समिति परमवीर अब्दुल हमीद का सम्मान चाहती है। वर्तमान हेमंत सरकार को चाहिए कि परमवीर अब्दुल हमीद स्मारक स्थल को सुंदरता प्रदान करे एवं कांटा टोली फ्लाईओवर का नाम परमवीर अब्दुल हमीद के नाम पर करने की घोषणा करे।

# सड़क निर्माण के कारण कई वाटर कनेक्शन कटे, लोगों की बढ़ी परेशानी

## साढ़े आठ करोड़ रुपए से निर्माण की गई थी कुडू ग्रामीण जलापूर्ति योजना

**लोहरदगा, एजेंसी।** एक तरफ करोड़ों की लागत से सड़क निर्माण और नाली निर्माण कर विकास के कार्य किए जा रहे है। वहीं दूसरी ओर विकास कार्य के नाम पर सड़क चौड़ीकरण और नाली निर्माण कर रही एजेंसी के द्वारा ब्लॉक मोड़ से इंदिरा गांधी चौक तक सड़क के दोनों ओर पेयजलापूर्ति के बिछाए गए सैकड़ों लोगों के वाटर कनेक्शन के पाइप को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। नतीजा साढ़े आठ करोड़ की लागत से निर्माण किया गया कुडू ग्रामीण जलापूर्ति योजना पर ग्रहण लग गया है।

वहीं सैकडों वाटर कनेक्शनधारियों के समक्ष विकट परिस्थिति उत्पन्न हो गई है। मामला यह है कि नेशनल हाइवे 143 ए में कुडू से घाघरा तक सड़क चौड़ीकरण और नाली निर्माण कर रही है निर्माण कार्य कर रही वीकेएस कंट्रक्सन कंपनी और एनएचएआई के लापरवाही से कुडू शहरी क्षेत्र में सैकडों



लोगों को पेयजलापूर्ति के लिए वाटर कनेक्शन के पाइप क्षतिग्रस्त कर दिया है। सड़क निर्माण कर रही एजेंसी ब्लॉक मोड़ से इंदिरा गांधी चौक तक सड़क के दोनों ओर वाटर कनेक्शन को क्षतिग्रस्त कर दिया है। वही पेयजलापूर्ति के बिछाया गया पाइप लाइन को मशाला युक्त चिप्स से भर कर सड़क कालीकरण कर दिया जा रहा है। जिसके कारण भविष्य में कुडू वासियों को पेयजलापूर्ति योजना का लाभ से भी वंचित होना पड़ रहा है। एक ओर जहां विकास के कार्य किए करोड़ो खर्च किए जा रहे है वही दूसरी ओर हजारों लोगों को प्यास बुझाने वाला करोड़ों रुपए का योजना को ध्वस्त किया जा रहा है। इस भीषण गर्मी में पेयजल के लिए हाहाकार मचा है दूसरी ओर स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रखंड प्रशासन और पीएचईडी विभाग को वाटर कनेक्शन क्षतिग्रस्त होने सूचना भी नहीं है।

नाली निर्माण के बाद कुडू शहरी क्षेत्र में कंपनी ने सड़क निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया है।जिसके कारण शहरी क्षेत्र के दुकानदारों और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को दुरुस्त कराने में पीएचईडी विभाग आंखे मूंदे है। मामले पर बीडीओ सह सीओ मधुश्री मिश्रा ने कहा सड़क निर्माण कार्य कर रही कंपनी के लापरवाही से पेयजलापूर्ति बाधित हुआ है तो मामले की जांच कराएंगे। एनएचआई के एमडी से बात की जाएगी।

## जम्मू कश्मीर से फर्जी लाइसेंस बना हथियार खरीदा, रांची में कर रहा था गनमैन की नौकरी, गिरफ्तार

**रांची, एजेंसी।** एसटीएफ बिहार की टीम ने रांची में छापेमारी कर अंतरराज्यीय हथियार तस्कर रामपुकार राय को गिरफ्तार किया है। वह फर्जी आर्म्स लाइसेंस के आधार पर हथियार और गोलियां खरीद कर बिहार में तस्करी करता था। रामपुकार राय, भोजपुर जिले के शाहपुर का रहने वाला है। वह वर्तमान में रांची के करमटोली, सीताकुंज अपार्टमेंट में रह रहा था और रांची में गनमैन की नौकरी कर रहा था।

उसके पास से 0.315 बोर की मोडिफाइड रायफल, 83 कारतूस, बीएसएफ का फर्जी आईडी कार्ड, फर्जी सर्विस सर्टिफिकेट, फर्जी आर्म्स लाइसेंस, गोलियों की रसीदें सहित कई अन्य सामान पुलिस ने जब्त किए हैं। रांची के लालपुर थाना में एसटीएफ के दारोगा राजीव कुमार यादव ने जो प्राथमिकी दर्ज कराई है, उसके आधार पर लालपुर थाना की पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। वहीं उसके भाई जयपुकार राय के विरुद्ध भी प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसके अनुसार, 16 अप्रैल 2023 को आरा रेल थाना कांड संख्या 58/23 में गिरफ्तार अभियुक्तों से जब्त हथियारों की जांच में रामपुकार का नाम सामने आया था। जांच में पता चला कि उसने अमृतसर, पंजाब के एस. जसवंत सिंह एंड कंपनी से फर्जी लाइसेंस पर हथियार खरीदे।

तकनीकी विश्लेषण के आधार पर एसटीएफ की टीम 7 मई को रांची पहुंची। कोतवाली थाना रांची और जिला शस्त्र पदाधिकारी रांची के सहयोग से रामपुकार के लाइसेंस की जांच की गई। जांच में पता चला कि उसका लाइसेंस जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले से 16 जनवरी 2018 को जारी हुआ था। रामपुकार ने बताया कि उसने अपने भाई जयपुकार राय के सहयोग से एक लाख रुपए में जम्मू-कश्मीर के एक दलाल से फर्जी लाइसेंस बनवाया था।गिरफ्तार रामपुकार ने बताया कि झांसी गन हाउस, उत्तरप्रदेश से फर्जी आधार कार्ड और फर्जी नाम संजय तिवारी के नाम पर .315 बोर की रायफल और 50 चक्र गोली खरीदी थी। रामपुकार के कमरे की तलाशी में 0.315 बोर की मोडिफाइड रायफल, 83 कारतूस, बीएसएफ का फर्जी आईडी कार्ड, फर्जी सर्विस सर्टिफिकेट, फर्जी आर्म्स लाइसेंस आदि बरामद हुए।

# दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेसवे के 6 स्थानों पर होते हैं अधिक हादसे, ट्रैफिक पुलिस की रिपोर्ट में खुलासा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेसवे के छह स्थानों पर सड़क दुर्घटनाएं ज्यादा हो रही हैं। बीते साल 2024 में दुर्घटनाओं के आंकड़ों में 41 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। ट्रैफिक पुलिस की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। छह स्थानों पर हादसे होने का मुख्य कारण की जांच में सामने आया है कि भारी वाहन पीछे से वाहनों में टक्कर मारते हैं। मुख्य रूप से ज्यादातर दुर्घटनाएं ऐसे ही होती हैं।

ट्रैफिक पुलिस ने ऐस हादसों में कमी लाने के लिए प्लान तैयार कर लिया गया है। हाईवे पर साइनेज बोर्ड लगाने के साथ-साथ गूगल मैप में भी वाहन चालकों को दुर्घटना प्रभावित क्षेत्र होने के बारे में अलर्ट मिलेगा, ताकि यहां पर दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस के द्वारा भी अब सख्ती बरती जाएगी, जिससे हादसे न हों।

**ये हैं हादसे वाले स्थान :** रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली-जयपुर हाईवे पर छह स्थान सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं। इनमें 32 एवेन्यू प्रवेश, राजीव चौक, हीरो होंडा चौक, खेड़की दौला चौक, आईएमटी मानेसर और बिलासपुर चौक शामिल हैं। इन छह स्थानों पर साल 2023 में 108 सड़क दुर्घटनाएं हुई थीं और इनमें 45 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, साल 2024 में 184 सड़क दुर्घटनाएं हुई थीं और उनमें 99 लोगों की मौत हुई थी। साल 2023 के मुकाबले साल 2024 में हुई सड़क दुर्घटनाओं में 41.30 फीसदी दुर्घटनाओं के आंकड़ों में बढ़ोतरी हुई। वहीं, साल 2023 के मुकाबले साल 2024 में मौत के आंकड़ों में 54.54 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। जिला प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस द्वारा चिंता जाहिर करते हुए दुर्घटनाओं और मौत के आंकड़ों को कम करने के लिए योजना तैयार की जा रही है। जल्द ही योजना तैयार होने के बाद उस पर काम भी शुरू हो जाएगा। बता दें कि अप्रैल महीने में जिला टास्क फोर्स की बैठक में भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई थी और मई माह में होने वाली बैठक में एक्शन टेकन रिपोर्ट भी संबंधित विभाग की तरफ से पेश की जाएगी।

**बैठक में कार्रवाई के दिए गए निर्देश :** हाईवे पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए उपायुक्त अजय कुमार की तरफ से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले भारी वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ट्रैफिक पुलिस के साथ-साथ अन्य विभाग को भी सख्त कार्रवाई करने को कहां गया है। मई माह में होने वाली बैठक में ट्रैफिक पुलिस और अन्य विभागों के द्वारा की गई कार्रवाई की एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) पेश करेंगे।

**दोपहिया चालकों के होते हैं सबसे ज्यादा हादसे :** दिल्ली से सटे गुरुग्राम में हर साल 800 से ज्यादा सड़क हादसे होते हैं। इनमें 400 से ज्यादा लोगों की मौतें होती हैं। सबसे ज्यादा जान दोपहिया वाहन चालकों की जाती हैं। इसके बाद साइकिल सवार और कार में सवार लोगों को जान गंवानी पड़ती है। हादसों का मुख्य कारण है तेज रफ्तार, शराब पीकर वाहन चलाने के साथ पीछे से टक्कर मारना।

**हादसे कम करने का प्रयास जारी :** ट्रैफिक पुलिस हाईवे पर होने वाले हादसों को कम करने के लिए प्रयास कर रही है। हाईवे पर सबसे ज्यादा जिन स्थानों पर हादसे होते हैं, वहां पर साइनेज बोर्ड लगाए जाएंगे, ताकि वाहन चालक उन चौक से संभल कर निकले। इसके अलावा लेन में नहीं चलने वाले भारी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ.राजेश कुमार मोहन, डीसीपी ट्रैफिक, हादसे कम करने के लिए ट्रैफिक पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। एनएचएआई को भी पत्र लिखकर हादसे वाले स्थानों पर वाहन चालकों को अलर्ट करने के लिए बोर्ड लगाने के लिए पत्र लिखा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### केदारनाथ हेलीकॉप्टर टिकट के नाम पर ठगी, दिल्ली की टूर एंड ट्रैवल्स एजेंसी समेत 3 पर केस



**नईदिल्ली, एजेंसी।** केदारनाथ हेलीकॉप्टर टिकट के नाम पर ठगी का एक और मामला सामने आया है। उत्तराखंड चारधाम यात्रा पर आए तीर्थ यात्रियों ने दिल्ली की टूर एंड ट्रैवल्स एजेंसी समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। केदारनाथ यात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर टिकट के नाम पर ठगी के मामले में तीन लोगों और एक कंपनी पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार, केदारनाथ धाम की यात्रा पर आए आंध्रप्रदेश के रहने वाले पेंटा रत्नाकर ने सोमवार सुबह थाना गुप्तकाशी में शिकायत दी। उनका ग्रुप दिल्ली की सहारा टूर एंड ट्रैवल्स एजेंसी के जरिये चारधाम यात्रा पर आया है। यात्रा पैकेज में केदारनाथ हेलीकॉप्टर टिकट के प्रति यात्री 15 हजार रुपये लिए गए। रविवार को वे गंगोत्री से गुप्तकाशी पहुंचे, लेकिन उन्हें हेलीकॉप्टर टिकट नहीं मिला। आरोप है कि ट्रैवल एजेंसी ने टिकट के प्रति व्यक्ति 30-30 हजार और मांगे। उनके ग्रुप में शामिल दो-तीन यात्रियों ने 30-30 हजार रुपये जमा भी कर दिए।

तीर्थ यात्रियों का आरोप है कि इसके बावजूद भी उन्हें हेली टिकट नहीं दिया गया। पुलिस ने मामले में रत्नाकर की तहरीर पर मनीष कुमार निवासी नई दिल्ली, पोटनोरू रामाराव निवासी उड़ीसा और दिल्ली की सहारा टूर एंड ट्रैवल्स कंपनी के मालिक आशीष के अलावा अज्ञात हेली कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### बस कंडक्टर को 20 साल बाद दिल्ली हाईकोर्ट से राहत, 110 रुपये की धोखाधड़ी में हुआ था बर्खास्त

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने हरियाणा रोडवेज के एक बस कंडक्टर को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने कंडक्टर के खिलाफ अनुशासनिक व अपीलीय प्राधिकरण के आदेश को निरस्त कर दिया है। साथ ही अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल करते हुए हरियाणा रोडवेज को बर्खास्ती के दौरान कंडक्टर की रोकी गई सैलरी और अन्य भत्तों को तीन माह में देने का आदेश दिया है।

हाईकोर्ट ने कहा कि कंडक्टर पर आरोप है कि उसने अलग-अलग यात्रियों से पैसे वसूले, लेकिन टिकट नहीं दिए। यह एक पहलू है। दूसरे नजरिए से देखा जाए, तो कंडक्टर ने 110 रुपये की धोखाधड़ी के एवज में दो दशक तक हरियाणा से दिल्ली तक अपने खिलाफ मुकदमों पर पक्ष रखने में लाखों रुपये खर्च किए हैं।

जस्टिस प्रतीक जालान की बेंच ने इस मामले में टिप्पणी करते हुए कहा कि बेशक इस मामले को दोबारा जांच के लिए भेजने का नियम है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट दशकों से चल रहे मामलों को बंद करने का विशेष अधिकार रखते हैं।

बेंच ने इस बाबत दो मामलों का हवाला भी दिया। इन मुकदमों के लंबा खिंचने पर आरोपी को राहत दी गई थी। इस मामले में भी यही सिद्धात अपनाया जा रहा है। हरियाणा रोडवेज को निर्देश दिया जा रहा है कि उसे वह सभी लाभ दिए जाएं, जो वह सेवा के दौरान प्राप्त करता। कंडक्टर रिटायर हो चुका है। कंडक्टर की हरियाणा रोडवेज में वर्ष 1981 में नियुक्ति हुई थी। घटना के समय वह हरियाणा रोडवेज की तरफ से दिल्ली के बाहरी इलाकों में चल रही बस में कंडक्टर था। इंस्पेक्टरों ने इस कंडक्टर को पांच अलग-अलग मामलों में धोखाधड़ी करते पाया था। पहली बार 4 जनवरी 2006 में उस पर आरोप लगे। इसके बाद चार अन्य बार ऐसे ही आरोप लगे। कंडक्टर पर यात्रियों से कुल 110 रुपये वसूलने के बाद टिकट नहीं देने का आरोप था। इन मामलों की सुनवाई के दौरान अनुशासनात्मक व अपीलीय प्राधिकरण ने कंडक्टर पर लगे धोखाधड़ी और वरिष्ठ अधिकारियों से दुर्व्यवहार के आरोप को सही माना। इसी आधार पर उसे नियुक्ति से लेकर कार्य के दौरान के सभी लाभों से वंचित कर दिया था। साथ ही उसे नौकरी से भी बर्खास्त कर दिया गया था। हाईकोर्ट ने अब कहा है कि जब यह मामले दर्ज किए गए तब तक कंडक्टर 25 साल की नौकरी पूरी कर चुका था। उसके पूर्व के भत्तों को रद्द कर दिया गया था।

# सूरज के तल्ख तेवरों से दिल्ली में तपिश बढ़ी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में सूरज के तेवर तल्ख होने से एक बार फिर झुलसाने वाली गर्मी बढ़ने लगी है। सोमवार को तेज धूप के चलते बीते तीन दिनों में ही अधिकतम तापमान में लगभग ढाई डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई। मौसम विभाग का अनुमान है कि मंगलवार से अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार जाने की संभावना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि दिनभर की धूप के चलते अब मौसम में तेजी से गर्मी बढ़ेगी। मंगलवार को अधिकतम तापमान 39 से 41 डिग्री के बीच पहुंचने की संभावना है। हवा की गति 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रहेगी। दिन में आसमान साफ रहेगा, लेकिन बीच-बीच में हल्के बादलों की आवाजाही बनी रहेगी।

ज्यादातर इलाकों में सोमवार सुबह से ही तेज धूप निकली। मानक वेधशाला सफदरजंग में अधिकतम तापमान 38.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 1.1 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से एक डिग्री कम है। आर्द्रता का स्तर 64 से 30 फीसदी तक रहा। मौसम के अलग-अलग कारकों की वजह से दिल्ली की हवा साफ-सुथरी बनी हुई है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, सोमवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 162 अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को मध्यम श्रेणी में रखा जाता है। अगले दो दिनों के बीच भी वायु गुणवत्ता का यह साफ-सुथरा स्तर बना रहेगा। बता दें कि, सीपीसीबी के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

# मैं चाहती हूं कि... ; मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया दिल्ली को लेकर अपना सपना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को शहर के लिए अपना सपना बताते हुए कहा कि उन्होंने एक विकसित दिल्ली के निर्माण की जिम्मेदारी पूरी करने का ईश्वर से वादा किया है। मयूर विहार फेज एक में उत्तर गुरुवायुरप्पन मंदिर के 36वें वार्षिकोत्सव में भाग लेते हुए गुप्ता ने कहा, 'मैं चाहती हूं कि दिल्ली हर तरह से देश का नंबर एक राज्य बने।'



गुप्ता ने लोगों को भरोसा दिलाया कि दिल्ली सरकार लोगों की है और उनके कल्याण के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा, 'हम कंधे से कंधा मिलाकर, कदम से कदम मिलाकर चलेंगे।' उन्होंने समारोह के दौरान श्रद्धालुओं और समुदाय के सदस्यों को शुभकामनाएं दीं और सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम में आमंत्रित किए जाने के लिए आभार जताया।

**दिल्ली को देश का नंबर एक राज्य बनाना चाहते हैं- रेखा गुप्ता:** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मंदिर का माहौल उन्हें अन्य दक्षिण भारतीय मंदिरों की याद दिलाता है, जहां वे पहले भी जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में रहने वाले मलयाली समुदाय ने उसी पवित्र और सांस्कृतिक माहौल को सफलतापूर्वक फिर से बनाया है। सीएम ने कहा, मैं यहां के समुदाय को मुझ पर भरोसा करने और मुझे मुख्यमंत्री के रूप में चुनने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। उन्होंने समारोह में लोगों से आयुष्मान भारत योजना के तहत पंजीकरण कराने का भी आग्रह किया और कहा कि स्वास्थ्य योजना गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय सुरक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करेगी। इस वार्षिकोत्सव में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पारंपरिक अनुष्ठान, भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम के दौरान उनके साथ दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा भी मौजूद थे और दोनों ने मिलकर उत्तर गुरुवायुरप्पन मंदिर में पूजा-अर्चना भी की।

# भारत को कायर बताने पर सनम तेरी कसम की लीड एक्ट्रेस पर भड़के फिल्म मेकर्स, बोले- 1 भी रुपया नहीं देंगे

**कराची, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बाद दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट आई है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने पाकिस्तानी कलाकारों पर पूरी तरह से बैन लगा दिया है। इस बीच पाकिस्तान की मशहूर अभिनेत्री मावरा होकेन ने भारत पर बयानबाजी की थी, जो फिल्म सनम तेरी कसम में मुख्य भूमिका में थीं। एक्ट्रेस की बयानबाजी का भारत में विरोध हुआ। मावरा के इस बयान ने फिल्म के मुख्य अभिनेता हर्षवर्धन राणे का गुस्सा भड़काया था।

**मावरा होकेन का विवादास्पद बयान:** पाकिस्तानी अभिनेत्री मावरा होकेन ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत द्वारा किए गए हवाई हमलों की आलोचना करते हुए इसे कायरतापूर्ण बताया था। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तानी जनता के दुख को साझा किया था। मावरा के इस ट्वीट ने भारतीय सोशल मीडिया पर बुरी तरह से हलचल मचाई थी और लोग उनसे नाराज हो गए थे। पाकिस्तान में बड़ा खुलासा, 2 करोड़ लोग बोले- भारत से युद्ध हुआ तो नहीं देंगे पाक सेना का साथ पाकिस्तान में बड़ा खुलासा, 2 करोड़ लोग बोले- भारत से युद्ध हुआ तो नहीं देंगे पाक सेना का साथ

**फिल्म मेकर्स का कड़ा रुख:** अब फिल्म मेकर्स राधिका राव और विनय सप्रू ने भी मावरा के बयान की निंदा की है। दोनों ने कहा कि सीमा पार आतंकवाद के कारण भारतीयों की जानें जा रही हैं और पाकिस्तान के कलाकारों की चुप्पी या फिर उनके विवादास्पद बयानों से निराशा हो रही है। उनका यह बयान फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडियन सिने एम्प्लॉइज के उस फैसले से मेल खाता है, जिसमें पाकिस्तानी कलाकारों पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**मेकर्स ने पाक कलाकारों से लिया किनारा:** राधिका राव और विनय सप्रू ने भारतीय सरकार के फैसले का समर्थन किया, जिसमें पाकिस्तानी कलाकारों से दूरी बनाने की बात की गई है। उन्होंने कहा, हम पूरी तरह से अपनी सरकार के फैसले का समर्थन करते हैं। इन कलाकारों को एक भी रुपया नहीं दिया जाना चाहिए। हमें अपनी पहचान, सम्मान और कल्याण से पहले कुछ भी नहीं देखना चाहिए।

**हर्षवर्धन राणे का इमोशनल बयान:** फिल्म के मुख्य अभिनेता हर्षवर्धन राणे ने भी एक इमोशनल इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए मावरा के बयानों पर अपनी नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने कहा था कि जब उन्हें यह खबर मिली कि उनकी फिल्म के अगले सीक्वल में मावरा होकेन को फिर से लिया जा सकता है, तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कह दिया कि वह इस फिल्म का हिस्सा नहीं बनेंगे। हालांकि मैं इस फिल्म के अनुभव के लिए आभारी हूं, लेकिन अब जब मेरी मातृभूमि के खिलाफ बयानबाजी की जा रही है, तो मैंने यह फैसला लिया है कि अगर मावरा इस फिल्म का हिस्सा होंगी, तो मैं सनम तेरी कसम 2 का हिस्सा नहीं बनूंगा।


**पाकिस्तानी कलाकारों पर भारतीय रुख में बदलाव:** भारत सरकार और फिल्म इंडस्ट्री में बढ़ते इस रुख से यह साफ है कि सीमा पार आतंकवाद और पाकिस्तानी कलाकारों के बयानबाजी के चलते फिल्म इंडस्ट्री में बदलाव आ रहा है।

# बीएलए ने तोड़ी पाक आर्मी की कमर

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** बलूचिस्तान में पाकिस्तान की सेना के खिलाफ एक बार फिर बलूच लिबरेशन आर्मी ने बड़ा हमला करने का दावा किया है। संगठन ने कहा है कि उसने 'ऑपरेशन हेरोफ़' के तहत पाकिस्तानी सेना के 51 सैन्य ठिकानों पर कुल 71 हमले किए हैं। इन हमलों में द्धश्वष्ठ विस्फोट, टारगेट किलिंग, चौकियों पर कब्जा और खुफिया केंद्रों पर हमले शामिल हैं। बीएलए ने इस पूरे ऑपरेशन को दक्षिण एशिया में नई व्यवस्था की शुरुआत बताया है और खुद को क्षेत्र का एक निर्णायक पक्ष घोषित किया है। बीएलए के प्रवक्ता जियंद बलोच ने बयान में कहा बीएलए न तो किसी विदेशी एजेंसी की कठपुतली है और न मूक दर्शक। हम बलूच राष्ट्र के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ रहे हैं। ऑपरेशन हेरोफ पाकिस्तान की सैन्य मौजूदगी के खिलाफ एक व्यावहारिक और रणनीतिक कदम है।बीएलए के मुताबिक, हमले बलूचिस्तान के इन जिलों में हुए उनमें केच, पंजगुर, मस्तुंग, क्वेटा और नुश्की प्रमुख तौर पर शामिल हैं।इन इलाकों में सेना की पेट्रोलिंग यूनिट्स पर घात लगाकर हमले किए गए, वहीं कुछ जगहों पर सैन्य चौकियों को कब्ज़े में भी लिया गया। बीएलए ने भारत समेत अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि पाकिस्तान को आतंकवाद फैलाने वाला देश घोषित किया जाए और उस पर सख्त कार्रवाई की जाए। अगर पाकिस्तान को यूं ही खुला छोड़ा गया तो यह वैश्विक शांति के लिए खतरा बन जाएगा।पाकिस्तानी सेना की ओर से अभी तक बीएलए के इस दावे पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। हालांकि हाल के महीनों में बलूचिस्तान में पाकिस्तान के सुरक्षा बलों पर लगातार हमले होते रहे हैं।

# पाकिस्तानी फर्म से अमेरिकी सैटेलाइट कंपनी ने पार्टनरशिप खत्म की

## पहलगाम आतंकी हमले के दस दिन पहले सैटेलाइट इमेज के ऑर्डर मिले थे



**वाशिंगटन, एजेंसी।** 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमले से पहले इस इलाके की सैटेलाइट तस्वीरें ली गई थीं। अमेरिका की स्पेस टेक कंपनी मैक्सार टेक्नोलॉजीस को पहलगाम और उसके आस-पास के इलाकों की हाई- रेजोल्यूशन सैटेलाइट तस्वीरें देने के लिए बड़ी मात्रा में ऑर्डर मिले थे। द प्रिंट की एक रिपोर्ट के अनुसार 2 से 22 फरवरी 2025 के बीच, मैक्सार टेक्नोलॉजीस को कम से कम 12 ऑर्डर मिले। यह सामान्य संख्या से दुगुना था। इस कंपनी के ग्राहकों में पाकिस्तान की बिजनेस सिस्टम्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड भी शामिल थी। इस कंपनी का नाम अमेरिका में हुए संघीय अपराधों से जुड़ा हुआ है। अब मैक्सार टेक्नोलॉजीस ने क्च्स्ढ्ढ से अपनी पार्टनरशिप खत्म कर दी है। हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार डेटा से यह स्पष्ट नहीं है कि पहलगाम की सैटेलाइट तस्वीरों के ऑर्डर क्च्स्ढ्ढ ने दिए थे या नहीं। पहलगाम की सैटेलाइट तस्वीरों के लिए ऑर्डर जून 2024 से ही आने लगे थे। मैक्सार पोर्टल के एक्सेस में पहलगाम के अलावा जम्मू-कशमीर के पुलवामा, अनंतनाग, पुंछ, राजौरी और बारामूला जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के सैटेलाइट इमेज मिलें। हर एक सैटेलाइट तस्वीर की कीमत 3 लाख रुपए से शुरू होती है और रेजोल्यूशन के अनुसार इनकी कीमत बढ़ती जाती है।

**पहलगाम हमले से दस दिन पहले एक ऑर्डर मिला था:** अब तक यह साफ नहीं है कि ये तस्वीरें 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमलों की प्लानिंग में इस्तेमाल हुईं या नहीं, लेकिन भारत मैक्सर से यह जांच कराने को कह सकता है कि ये तस्वीरें किसने और क्यों मंगवाईं थी। फरवरी 2025 में पहलगाम की सैटेलाइट इमेज के सैटेलाइट फ्रीक्वेंसी रेंज से ऑर्डर की संख्या सबसे ज्यादा रही। 12, 15, 18, 21 और 22 फरवरी को इमेज खरीदे गए। मार्च में कोई ऑर्डर नहीं आया। इसके बाद 12 अप्रैल को, हमले से ठीक दस दिन पहले एक ऑर्डर मिला। इसके बाद 24 और 29 अप्रैल को भी इमेज के लिए दो ऑर्डर आए। उसके बाद से कोई नया ऑर्डर नहीं दिया गया।

### मैक्सार टेक्नोलॉजीस भारत की कई सरकारी एजेंसियों से जुड़ी है

मैक्सार टेक्नोलॉजीस अपने बेहतर सैटेलाइट इमेज के लिए जानी जाती है। यह 30ष्द्व से लेकर 15ष्द्व तक की पिक्सेल रेजोल्यूशन वाली हाई-डेफिनिशन इमेज देती हैं। भारत में रक्षा मंत्रालय और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन सहित कई सरकारी एजेंसियां मैक्सर से जुड़ी हैं। कम से कम 11 भारतीय स्पेस टेक स्टार्टअप और कंपनियां मैक्सार टेक्नोलॉजीस की कस्टमर और पार्टनर है। इन हाई-रेजोल्यूशन इमेज का इस्तेमाल आमतौर पर सेना संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए करती है। इसके अलावा हथियारों की तैनाती और इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास की निगरानी, घुसपैठ और तस्करी को रोकने के लिए भी इसका इस्तेमाल किया जाता है।

### बीएसआई के मालिक ओबैदुल्लाह सईद को एक साल की सजा हुई थी

अमेरिकी अधिकारियों ने इससे पहले बीएसआई के मालिक ओबैदुल्लाह सईद पर अमेरिका से पाकिस्तान एटॉमिक एनर्जी कमीशन को हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटर इक्विपमेंट और सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन समाधान अवैध रूप से देने का आरोप लगाया था। यह एजेंसी विस्फोटक और परमाणु हथियारों के पुर्जे डिजाइन करने के साथ उनका टेस्ट करती है। साथ ही ठोस ईंधन वाली बैलिस्टिक मिसाइलें भी विकसित करती है। मामले में ओबैदुल्लाह को एक साल की सजा हुई थी।



## बंटवारे में हो गए थे इस किताब के भी दो टुकड़े, आज भी एक हिस्सा पाकिस्तान है तो दूसरा भारत में

**भारत पाकिस्तान के बंटवारे के समय कई चीजें बांट दी गई थी। इस दौरान एक ऐसी किताब जिनके दो हिस्से किए गए थे। आज हम आपको उस किताब के बारे में बताने वाले हैं।**

भारत और पाकिस्तान के लिए साल 1947 का अगस्त महीना काफी खास था। इस दिन भारतीयों को अंग्रेजों से आजादी मिली तो वहीं हमारे देश का एक बड़ा हिस्सा हमसे अलग हो गया। आज के इस आर्टिकल में हम बात करेंगे बंटवारे की। बंटवारे के दौरान भारत के कई चीजों को दो हिस्सों में बांट दिया गया। ऐसे में इस दौरान एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका नाम के एक किताब का भी बंटवारा किया गया था।

### विजयलक्ष्मी बालाकृष्णनन ने किया खुलासा

बंटवारा से काफी लोगों की जिंदगी प्रभावित हुई थी। ऐसे में बंटवारा के बाद लोगों को उबरने में काफी लंबा समय लग गया था। इस दौरान इंसानों के घर, परिवार और किताबों का भी बंटवारा हुआ था। विजयलक्ष्मी बालाकृष्णनन ने अपनी किताब में लिखा था।

### किस किताब का हुआ था बंटवारा

विजयलक्ष्मी ने अपनी किताब में लिखा है कि- Growing Up and Away: Narratives of Indian Childhoods: Memory, History, Identify में यह लिखा है कि- बंटवारे के दौरान इनसाइक्लोपीडियाऑफ ब्रिटेनिका नामक किताब के दो हुए किए गए थे। इसके अलावा डिक्शनरी को भी बांट दिया गया था। जैसे की- ए से के तक तक का हिस्सा भारत को मिला था तो वहीं बाकी का हिस्सा पाकिस्तान को मिला था।

### भारत और पाकिस्तान के बीच किन चीजों का हुआ बंटवारा

भारत और पाकिस्तान के बीच बंटवारा होते समय केवल किताबों का ही नहीं बल्कि कुर्सियां, मेज, पेंसिल, पगड़ी, बांसुरी जैसी हर छोटी चीज का बंटवारा हुआ था। इस दौरान ब्रिटिश वायसराय की बग्गियों का भी बंटवारा हुआ था।



# पाकिस्तान के वो किले जो कभी हुआ करते थे भारत की शान

**1947 के दिन भारत का बंटवारा हुआ था और एक अलग देश बना था। यह बंटवारा सिर्फ जमीन का नहीं था, बल्कि इतिहास और दिलों के भी थे जिसे भूल पाना आज भी मुमकिन नहीं है।**

साल 1947 में भारत आजाद होने के साथ-साथ कई चीजों का बंटवारा हुआ। उस वक्त देश का बंटवारा होना और कई चीजों को खो देना किसी भी लिहाज से ठीक नहीं था। हालांकि, इससे पहले कई बार दोनों देशों ने अपने रिश्तों को सुधाने का काम भी किया तो नकामयाबी ही हासिल हुई है, क्योंकि पाकिस्तान और भारत के बीच के रिश्ते में कभी सुधार नहीं आ सकता।

1947 के बाद से ही दोनों एक-दूसरे के पड़ोसी होने के साथ-साथ कट्टर दुश्मन भी हैं। मगर इस बात से इंकार भी किया जा सकता कि भारत की कई ऐतिहासिक चीजें अब पाकिस्तान का हिस्सा बन गए हैं जैसे- राज्य, शहर और वहां स्थित चीजें। कुछ किले तो ऐसे हैं जो किसी जमाने में भारत की शान हुआ करते थे। क्या आप इन किलों के बारे में जानते हैं? अगर नहीं, तो आइए इस लेख में जानने की कोशिश करते हैं।

### अल्टिट फोर्ट



अल्टिट पाकिस्तान का फेमस किला है, जो गिलगित बाल्टिस्तान में हुंजा घाटी के अल्टिट शहर में स्थित है। वैसे तो यह किला लगभग 900 साल पुराना है, जो कभी भारत का हिस्सा हुआ करता था। कहा जाता है कि यह किला हुंजा स्टेट के राजाओं का था, जिन्हें मीर भी कहा जाता था। एक वक्त पर यह किला काफी बेकार हालत में मिला था, जिसे बाद में आगा खान ट्रस्ट ने अपने हिस्से में ले लिया था।

### रोहतास किला



पाकिस्तान के फेमस किले रोहताल नाम भी शामिल है। इसे किले का निर्माण सन 1541 ई से लेकर 1548 ई में हुआ था। इसकी वास्तुकला मुस्लिम मस्जिदों की तरह नजर आती है। कहा जाता है इस किले का निर्माण शेरशाह सूरी ने करवाया था, जिसमें लगभग 12 दरवाजों को बनवाया गया है। एक वक्त पर यह किला मुगलों की शान हुआ करता था, लेकिन बंटवारे के बाद पाकिस्तान का हिस्सा बन गया।

### रॉयल फोर्ट

यह फेमस किला पाकिस्तान के लाहौर में स्थित है। इसका निर्माण मुगलों के जमाने में किया गया था। कहा जाता है इसे सन 1560 में मुगल बादशाह अकबर ने बनवाया था। अगर इस किले की संरचना की बात की जाए, तो यह लगभग 1400 फीट लंबा है और 1115 फीट चौड़ा है। यह इतना खूबसूरत है कि बार-बार इसे एक्सप्लोर करना चाहेंगे। मगर इस किले को देखने आपको पाकिस्तान जाना होगा, क्योंकि विभाजन के वक्त ये किला पाक के हिस्से पंजाब में चला गया था।



### रानीकोट फोर्ट

रानीकोट भी विभाजन के बाद पाकिस्तान का हिस्सा बन गया है, जिसे सिंध की दीवार भी कहा जाता है। यह किला न सिर्फ प्राचीन है, बल्कि खूबसूरत भी है। यह किला 32 किलोमीटर में फैला हुआ है, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा किला कहा जाता है। इसकी वास्तुकला पुरानी शैली में बनाई गई है, जिसे सिंध के राजाओं ने बनवाया था। इस किले की प्राचीर की तुलना चीन की महान दीवार से की गई है।





## जानिए कितने प्रकार के होते हैं भारत के नागरिक पुरस्कार?

**नेशनल पर्व के मौके पर हर साल देश के राष्ट्रपति द्वारा लोगों या समुदायों को समाज से अविस्मरणीय व असाधारण काम करने के लिए उन्हें भारत रत्न, पद्मा पुरस्कार और पद्म श्री जैसे पुरस्कार दिया जाता है।**

समाज में असाधारण काम करने वाले व्यक्ति को सम्मानित करने के लिए उन्हें भारत सरकार द्वारा पुरस्कार दिया जाता है। हर साल जो लोग अपने कार्य क्षेत्र व समाज के प्रति विशेष प्रकार यानी अकल्पनीय काम करते हैं उन्हें सरकार द्वारा सम्मानित किया जाता है। सरकार द्वारा सम्मानित किए जाने वाले लोगों के बारे में हम टेलीविजन व अखबार में पढ़ते हैं। ऐसे में क्या आपको पता है कि भारत में नागरिक पुरस्कार कितने प्रकार होते हैं। उन्हें कब और किसे दिया जाता है। भारत में नागरिक पुरस्कार मुख्य रूप से चार प्रकार का होता है। ये चारों सम्मान देश में अलग-अलग क्षेत्रों में बेहतरीन काम करने और उपलब्धियां हासिल करने वालों को ये पुरस्कार दिया जाता है। बता दें, कि पुरस्कार मुख्य रूप से दो प्रकार के होते हैं। सिविलियन अवॉर्ड्स यह पुरस्कार खासतौर से आम नागरिकों को दिया जाता है। दूसरा गैलेंट्री अवार्ड गैलेंट्री अवार्ड मुख्य रूप से देश के प्रति, बहादुरी के लिए दिया जाने वाला सम्मान होता है।

### कितने प्रकार के होते नागरिक पुरस्कार

#### भारत रत्न



देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न है। यह सम्मान विज्ञान, साहित्य, कला और जनसेवा के क्षेत्र में अहम उपलब्धि हासिल करने वाले लोगों को दिया जाता है। इस पुरस्कार को साल 2013 में इस श्रेणी में जोड़ा जाता है। पीपल के पत्ती के आकार में बने इस अवॉर्ड के बीच में सूर्य और नीचे देवनागरी भाषा में भारत रत्न लिखा होता है।

#### पद्म विभूषण

देश का दूसरा सबसे बड़ा सम्मान पद्म विभूषण होता है। कला साहित्य, विज्ञान और जनसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने वाले लोगों को दिया जाता है। यह अवॉर्ड गोल और उसके अंदर के घेरे में जॉमेट्रिक पैटर्न में बना होता है। इसके बीच में उभरा हुआ कमल का फूल और नीचे पद्म विभूषण लिखा होता है।

#### पद्म भूषण

देश का सबसे बड़ा तीसरा नागरिक सम्मान पद्म भूषण है। इस सम्मान को हर एक क्षेत्र में अच्छा काम और उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। सरकारी कर्मचारी से लेकर साइंटिस्ट से जुड़े लोगों को यह अवार्ड दिया जाता है।



#### पद्म श्री

पद्म विभूषण और पद्म भूषण अवॉर्ड आपस में काफी सिमिलर होते हैं। यह भारत का चौथा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान है।



## 10 से लेकर 2 हजार तक के नोट पर बने चित्रों का क्या है महत्व?

**नोट का इस्तेमाल हम सभी करते हैं, क्या आप नोट के पीछे बने चित्र के महत्व को जानती हैं। अगर नहीं तो आज हम आपको इससे जुड़ी कुछ रोचक बातें बताने वाले हैं।**

भारतीय नोटों पर बनी चित्र को तो आपने देखा ही होगा। सभी नोटों पर अलग- अलग तरीके का चित्र बना होता है। क्या आपने कभी सोचा है कि आखिर नोट पर किसका चित्र बना होता है और इन चित्र को क्यों बनाया जाता है। ऐसे में आज के इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि नोटों पर किसका चित्र बना होता है।

### पांच रुपये का नोट

पांच रुपये की नोट की छपाई में लागत ज्यादा लगती थी ऐसे में आरबीआई ने इस नोट की छपाई बंद कर दी। हालांकि अब भी करीब 85,000 मिलियन नोट बाजार में मौजूद है जिनका इस्तेमाल हम सभी करते हैं। इस नोट पर एक हिस्से में महात्मा गांधी की तस्वीर बनी हुई है तो वहीं दूसरे हिस्से पर खेत की जुताई करते किसान की तस्वीर है। बता दें कि यह फोटो अर्थव्यवस्था में कृषि के महत्व को दर्शाता है।

### दस रुपये का नोट

दस रुपये का नोट हम सभी इस्तेमाल करते हैं। बता दें कि दस रुपये के नोट के अगले हिस्से में महात्मा गांधी और अशोक प्रतीक की फोटो है। नई नोटों की सीरीज में आपको सूर्य मंदिर के पहिये की तस्वीर दी गई है।

### बीस रुपये का नोट

बीस रुपये के नोट की बात करें इस नोट पर आपको महात्मा गांधी और अशोक प्रतीक का फोटो देखने को मिलता है। वहीं इसके पीछे एलोरा की गुफाओं का दृश्य होता है।

### पचास रुपये का नोट

पचास रुपये के नोट की देखे तो इस नोट पर आपको गांधी जी की तस्वीर और पिछले हिस्से पर स्वच्छ भारत का लोगो देखने को मिलने वाला है।

### 100 रुपये के नोट

100 रुपये के नए नोट पर आपको आगे पर गांधी जी की तस्वीर और पीछे रानी की वाव की तस्वीर देखने को मिलने वाला है।

### 200 रुपये के नोट

200 रुपये के नोट की बात करें तो इस नोट पर आपको गांधी जी की तस्वीर और पीछे प्रसिद्ध सांची स्तूप की फोटो देखने को मिलने वाले हैं।

### 500 रुपये के नोट

500 रुपये के नए की बात करें तो इस नोट पर आपको गांधी जी की तस्वीर और पिछले हिस्से पर स्वच्छ भारत और लाल किला की तस्वीर देखने को मिलने वाला है।

### 2 हजार के नोट

2 हजार के नोट को अब बंद कर दिया गया है। हालांकि इस नोट पर आपको गांधी जी की तस्वीर और पिछले हिस्से पर आपको मंगलयान की तस्वीर दिखाई देगी।

# ट्रंप का नया आदेश... अमेरिका में दवाओं की कीमत 59 प्रतिशत कम होगी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी सरकार प्रिस्क्रिप्शन वाली दवाओं की कीमतों में 59 प्रतिशत की कटौती कर रही है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसकी घोषणा की। अमेरिका में ऐसी दवाओं की कीमत कम करने के लिए 30 दिन की समयसीमा तय की गई है। इस संबंध में ट्रंप ने सोमवार को एक व्यापक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए है। अगर दवा कंपनियों ने 30 दिन में ऐसा न किया तो उन्हें सरकार की ओर से दी जाने वाली रकम पर नई सीमाओं का सामना करना पड़ेगा। ट्रंप के नए आदेश का भारत पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। जीटीआरआई यानी ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने अपनी रिपोर्ट में इसके बारे में बताया है। इस रिपोर्ट के अनुसार, इससे अमेरिकी मरीजों को तो फायदा होगा, लेकिन दवा कंपनियां भारत जैसे देशों में कीमतें बढ़ाने का दबाव बना सकती हैं। ऐसा पेटेंट कानूनों को सख्त करके किया जा सकता है।

ट्रंप के आदेश में रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग को दवाओं के नए मूल्य तय करने के लिए कहा गया है। अगर कोई समझौता नहीं होता है तो एक नया नियम लागू होगा जो दवाओं के लिए अमेरिका में दी जाने वाली कीमत को अन्य देशों की कम कीमतों से जोड़ देगा। ट्रंप ने सोमवार सुबह बताया, 'हम बराबरी करने जा रहे हैं... हम सभी समान भुगतान करने जा रहे हैं। हम वही भुगतान करने जा रहे हैं, जो यूरोप भुगतान करता है।' यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप के कार्यकारी आदेश का निजी स्वास्थ्य बीमा वाले लाखों अमेरिकियों पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

संघीय सरकार हर साल मेडिकेयर के माध्यम से चिकित्सकीय परामर्श वाली दवाओं, इंजेक्शन, ट्रांसफ्यूजन और अन्य दवाओं पर सैकड़ों अरब डॉलर खर्च करती है। इस बीमा योजना के दायरे में करीब सात करोड़ बुजुर्ग अमेरिकी शामिल हैं। इस बीच, अमेरिका की प्रमुख दवा लॉबी ने रविवार को ट्रंप की योजना का विरोध किया। दवा निर्माता लंबे समय से तर्क दे रहे हैं कि उनका मुनाफा प्रभावित हुआ तो नई दवाओं को विकसित करने के लिए उनके शोध पर असर पड़ सकता है।

### भारत में दवाओं के दाम बढ़ने का डर

वहीं, थिंक टैंक जीटीआरआई ने कहा है कि अमेरिका में दवाएं सस्ती होने से वहां के मरीजों को फायदा होगा। लेकिन, दवा बनाने वाली कंपनियां दूसरी जगहों से ज्यादा पैसे कमाने की कोशिश करेंगी। वे भारत जैसे देशों में दवाओं के दाम बा सकती हैं। उसने अपनी रिपोर्ट में बतायसा कि दवा कंपनियां पेटेंट कानूनों को सख्त करने के लिए दबाव डाल सकती हैं। पेटेंट कानून दवाओं को बनाने और बेचने के नियम होते हैं। अगर ये कानून सख्त हो जाएंगे तो दूसरी कंपनियां सस्ती दवाएं नहीं बना पाएंगी। इससे मरीजों को महंगी दवाएं खरीदनी पेंगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को अपने पेटेंट कानूनों को बचाना होगा। भारत को ऐसे नियम बनाने होंगे जिससे दवाएं सस्ती रहें और लोगों को आसानी से मिल सकें। भारत को दवा कंपनियों को मनमानी करने से रोकना होगा। अगर भारत पेटेंट कानूनों को कमजोर कर देता है तो दवाएं महंगी हो जाएंगी। दूसरी कंपनियां सस्ती दवाएं नहीं बना पाएंगी।

# अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर में कम हो रही तल्खी, रिश्तों में नई शुरुआत से शेयर बाजार में उछाल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध (ट्रेड वॉर) की तल्खी अब कम होती दिख रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों देशों के रिश्तों में पूरी तरह से नई शुरुआत का एलान किया है। इसके बाद सोमवार को वॉल स्ट्रीट के प्रमुख शेयर बाजार सूचकांकों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। बीते हफ्ते स्विट्जरलैंड में अमेरिका और चीन के शीर्ष अधिकारियों के बीच बातचीत हुई। बातचीत का नतीजा यह निकला कि अमेरिका अब चीनी सामानों पर 145 फीसदी के भारी टैक्स की बजाय सिर्फ 30 फीसदी टैक्स लगाएगा। वहीं चीन अमेरिकी उत्पादों पर 125 फीसदी टैक्स से घटाकर 10 फीसदी टैक्स करेगा। यह एक अस्थायी समझौता है, लेकिन इसे व्यापार युद्ध को शांत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

- **ब्रिटेन से भी हुआ समझौता–** पिछले हफ्ते अमेरिका और ब्रिटेन के बीच भी व्यापार को लेकर एक सकारात्मक समझौता हुआ है। जानकारों का कहना है कि इन दोनों बड़ी घोषणाओं से कंपनियों का भरोसा बढ़ेगा, और वे भविष्य की निवेश और खर्च से जुड़ी योजनाएं बना सकेंगी। ब्रीफिंग डॉट कॉम ने लिखा- इन फैसलों से व्यापारियों को लगेगा कि भविष्य में स्थायी समझौता हो जाएगा, जिससे वे अपने निवेश और खर्च से जुड़े फैसले लेने में हिचकिचाएंगे नहीं।
- **कुछ सवाल अब भी बाकी हैं–** एबीबीडब्ल्यू के जानकार कॉर्ल हेलिंग ने कहा, अभी भी बहुत सारे विवरण तय किए जाने बाकी हैं। यह साफ है कि असली और स्थायी समझौते के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना होगा। यानी यह समझौता भले ही बाजार के लिए राहत की खबर हो, लेकिन यह अंतिम नहीं है। अभी भी कई मुद्दों पर बातचीत और सहमति की जरूरत है।

### सबकी निगाहें महंगाई आंकड़ों पर टिकी

अब बाजार की नजरें मंगलवार को आने वाले अमेरिका के महंगाई (सीपीआई) के आंकड़ों पर टिकी हैं। ये आंकड़े अप्रैल महीने के लिए होंगे। विशेषज्ञ देखना चाहेंगे कि व्यापार युद्ध के कारण जो टैक्स (टैरिफ) लगाए गए थे, उनका असर आम लोगों के खर्च और महंगाई पर कितना पड़ा। अगर महंगाई बढ़ती है, तो यह संकेत देगा कि टैक्स का बोझ उपभोक्ताओं तक पहुंचा है। अगर महंगाई नियंत्रण में रहती है, तो यह बाजार के लिए और भी अच्छी खबर होगी।

# टैरिफ की वजह से अप्रैल महीने में लगी महंगाई की जबरदस्त मार


### अमेरिकी सरकार की रिपोर्ट में खुलासा



नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से व्यापक टैरिफ लागू किए जाने के कारण पिछले महीने महंगाई में थोड़ी बढ़ोतरी हुई है, अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि आने वाले महीनों में यह प्रवृत्ति और अधिक स्पष्ट होगी। फैक्टसेट के अनुसार, अप्रैल में उपभोक्ता कीमतों में पिछले वर्ष की तुलना में 2.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने का अनुमान है, जो मार्च में भी समान है और वर्ष की शुरुआत में 3 प्रतिशत से कम है। फिर भी, मासिक आधार पर, अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि मार्च से अप्रैल तक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में 0.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, यह एक ऐसी गति है जो मुद्रास्फीति को और खराब कर देगी, क्योंकि पिछले महीने लगभग पांच वर्षों में पहली बार इसमें गिरावट आई थी।

# गौतम अडानी से तीन गुना कमा गए मार्क जकरबर्ग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड डील होने के बाद सोमवार को अमेरिकी शेयर बाजारों में भारी तेजी देखने को मिली। इससे अमेरिकी अरबपतियों की नेटवर्थ में भारी इजाफा हुआ। टॉप 20 रईसों में से 18 की नेटवर्थ में तेजी रही। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स



के मुताबिक सबसे ज्यादा फायदे में फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के सीईओ मार्क जकरबर्ग रहे। उनकी नेटवर्थ में 16.1 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह 226 अरब डॉलर पहुंच गई। दुनिया के अमीरों के लिस्ट में वह एलन मस्क (359 अरब डॉलर) और जेफ बेजोस (229 अरब डॉलर) के बाद तीसरे नंबर पर हैं। मस्क की नेटवर्थ में सोमवार को 14.5 अरब डॉलर और बेजोस की नेटवर्थ में 14.3 अरब डॉलर की तेजी आई। लैरी एलिसन की नेटवर्थ 6.97 अरब डॉलर बढ़कर 181 अरब डॉलर पहुंच गई। लेकिन माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर बिल गेट्स की नेटवर्थ में 35.3 मिलियन डॉलर की गिरावट आई और यह 169 अरब डॉलर रह गई। फ्रांसीसी बिजनसमैन बर्नार्ड आरनॉल्ट की नेटवर्थ में 7.1 अरब डॉलर की तेजी आई। इसी तरह टॉप 10 में शामिल वॉरेन बफे, स्टीव बालमर, लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन की नेटवर्थ में भी तेजी रही।

**अंबानी-अडानी का हाल–** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में सोमवार को 4.42 अरब डॉलर की तेजी आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन की नेटवर्थ अब 103 अरब डॉलर पहुंच गई है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 12.8 अरब डॉलर की तेजी आई है। इस बीच अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ में 5.31 अरब डॉलर की तेजी आई। वह 79.8 अरब डॉलर के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 20वें नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 1.05 अरब डॉलर की तेजी आई है।

# टाटा स्टील को दोगुना मुनाफा, डिविडेंड का ऐलान...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा स्टील ने कल यानी सोमवार को वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे जारी किए थे। चौथी तिमाही में कंपनी को बंपर मुनाफा हुआ है। यह दोगुने से भी ज्यादा रहा। इसके बावजूद आज मंगलवार को इस कंपनी के शेयर में वह तेजी दिखाई नहीं दी, जिसकी उम्मीद थी। वहीं कंपनी ने कहा है कि वह अपनी सिंगापुर स्थित इकाई, टी स्टील होल्डिंग्स में 2.5 बिलियन डॉलर का निवेश करेगी। टाटा स्टील का शेयर सोमवार को 151.55 रुपये पर बंद हुआ था। मंगलवार को यह कुछ तेजी के साथ 152.35 रुपये पर खुला। हालांकि बाद में इसमें गिरावट आई और यह 149.65 रुपये पर आ गया। इसके बाद इसमें उतार-चढ़ाव आता रहा। सुबह 10 बजे टाटा स्टील का शेयर 0.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 150.85 रुपये पर कारोबार कर रहा था।




**कंपनी को कितना हुआ मुनाफा–** कंपनी को चौथी तिमाही में 1,200.88 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 554.56 करोड़ रुपये था। कंपनी ने बताया कि ज्यादा बिक्री और खर्चों में कमी की वजह से मुनाफा बढ़ा है। हालांकि, इस दौरान कंपनी की कमाई थोड़ी कम हुई है। कंपनी की कुल आय 56,679.11 करोड़ रुपये रही। पिछले साल यह 58,863.22 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने अपने खर्चों को भी कम किया है। इस तिमाही में कंपनी का खर्च 54,167.61 करोड़ रुपये रहा। पिछले साल यह 56,496.33 करोड़ रुपये था।

### कितना मिलेगा डिविडेंड

पूरे वित्त वर्ष एफवाय25 की बात करें तो टाटा स्टील को 3,173.78 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी को 4,909.61 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। इस साल कंपनी ने नुकसान की भरपाई कर ली है। कंपनी के बोर्ड ने शेयरधारकों को डिविडेंड देने का भी फैसला किया है। हर शेयर पर 3.60 रुपये का डिविडेंड मिलेगा। यह डिविडेंड 1 रुपये के फेस वैल्यू वाले शेयर पर 360 प्रतिशत है।

### सहायक कंपनी में निवेश

बोर्ड ने एक और महत्वपूर्ण फैसला लिया है। टाटा स्टील अपनी सिंगापुर स्थित इकाई, टी स्टील होल्डिंग्स में 2.5 बिलियन डॉलर का निवेश करेगी। यह निवेश यूरोप में कंपनी के कारोबार को मजबूत करने और कर्ज चुकाने के लिए किया जा रहा है। टाटा स्टील, टी स्टील होल्डिंग्स के माध्यम से यूके और नीदरलैंड में अपने कारोबार का संचालन करती है। किसी भी विदेशी निवेश के लिए, जो एक वित्तीय वर्ष में 1 बिलियन डॉलर से अधिक है, भारतीय रिजर्व बैंक से पहले अनुमति लेनी होती है। टाटा स्टील के बोर्ड ने सोमवार को इस निवेश प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

# मुक्त व्यापार समझौते के बाद चाइनीज माल की एंट्री रोकने की चुनौती, घरेलू कंटेंट पर फोकस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता हो चुका है। अब दोनों देशों के सामने चुनौती है कि वे चाइनीज माल की एंट्री को कैसे रोकें। इसके लिए दोनों देश अपने उत्पादों में घरेलू कंटेंट को बढ़ाने पर फोकस कर रहे हैं ताकि चीनी माल की पिछले दरवाजे से एंट्री को रोका जा सके। केनरा बैंक की रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि माल का उत्पादन कहां हो रहा है, इसे पता लगाने के लिए सख्त कदम उठाए जाने चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौता होना, भारत की बड़ी जीत है। इसके तहत ब्रिटेन के 99 प्रतिशत बाजार में भारतीय उत्पादों को ड्यूटी फ्री एंट्री मिलेगी। इससे भारतीय निर्यातकों को काफी फायदा होगा। केनरा बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, अगर माल के उत्पादन वाली जगह की पुष्टि के लिए सख्त कदम नहीं उठाए गए तो चाइनीज माल की पिछले दरवाजे से दोनों देशों के बाजार में एंट्री हो सकती है और दोनों देशों के स्थानीय निर्यातकों को एफटीए का पूरा फायदा नहीं मिल पाएगा।

# आयकर विभाग ने सभी सातों फॉर्म जारी किए; जिन खातों का ऑडिट नहीं होना

### वे 31 जुलाई तक रिटर्न दाखिल करें




**नई दिल्ली, एजेंसी।** आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए सभी सात आयकर रिटर्न फॉर्म अधिसूचित कर दिए हैं। छोटे व मध्यम करदाताओं की ओर से दाखिल किए जाने वाले आईटीआर फॉर्म 1 और 4 को 29 अप्रैल को जारी किया गया था। ट्रस्टों और धर्मार्थ संस्थानों की ओर से दाखिल किए जाने वाले आईटीआर-7 को 11 मई को अधिसूचित किया गया था।

**आईटीआर-1 और 4 में शेयरों की कमाई से पूंजीगत लाभ–** इस बार कुछ फॉर्म में बदलाव किए गए हैं। आईटीआर-1 और 4 में शेयरों की कमाई से पूंजीगत लाभ की जानकारी देना है। अब वेतनभोगी व्यक्ति और अनुमानित कराधान योजना के तहत आने वाले वे लोग, जिनका एक वित्त वर्ष में 1.25 लाख रुपये तक का दीर्घावधि पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) है, क्रमशः आईटीआर-1 और आईटीआर-4 दाखिल कर सकेंगे। पहले इनको आईटीआर-2 दाखिल करना होता था।

**31 जुलाई तक आईटीआर दाखिल करना होगा–** व्यक्तिगत और जिनके खातों का ऑडिट नहीं होना है उनको 31 जुलाई तक आईटीआर दाखिल करना होगा।

# लाहौरी जीरे के बाद अब जिप्टो पर आया मोतीलाल ओसवाल का दिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्विक कॉमर्स कंपनी जिप्टो के फाउंडर जल्द ही एक बा सौदा करने वाले हैं। सूत्रों के अनुसार, वे लगभग 5 बिलियन डॉलर के वैल्यूएशन पर 350 मिलियन डॉलर की सेकेंडरी शेयर बिक्री करने वाले हैं।

**निवेशकों में बड़े-बड़े नाम–** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस डील में एक बी भारतीय कंपनी 100 मिलियन डॉलर का निवेश करेगी। बाकी 250 मिलियन डॉलर फैमिली ऑफिस और बे म्यूचुअल फंड के एचएनआई क्लाइंट्स से आने की संभावना है। एमओएफएसएल के फाउंडर




मोतीलाल ओसवाल और रामदेव अग्रवाल ने व्यक्तिगत तौर पर जिप्टो में 50 मिलियन डॉलर (लगभग 425 करो रुपये) के शेयर खरीदे हैं।

**भारतीय शेयरहोल्डिंग बढ़ाना चाहते हैं–** जिप्टो के फाउंडर कंपनी में भारतीय शेयरहोल्डिंग को बाना चाहते हैं। इस सौदे के होने तक यह हिस्सेदारी 42 प्रतिशत तक ले जाना चाहते हैं। उनका लक्ष्य है कि आईपीओ के लिए दस्तावेज दाखिल करने से पहले घरेलू शेयरहोल्डिंग 50 प्रतिशत से ज्यादा हो जाए।

# भारत और पाकिस्तान के तनाव ने लोगों की बढ़ाई मुश्किलें

### काम-धंधा छोड़ वापस गांव लौट रहे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का असर प्रवासी मजदूरों पर भी पड़ा है। दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने की आशंका के बीच हजारों प्रवासी मजदूर जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा और गुजरात से चले गए हैं। भारत और पाकिस्तान ने भले ही सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति जता दी है, लेकिन होटल इंडस्ट्री, औद्योगिक केंद्र, और अन्य कारोबार पर कुछ असर पड़ा है। इसका सबसे बड़ा कारण यहां काम करने वाले प्रवासी मजदूरों का यहां से चले जाना है। इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार जम्मू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने कहा, हमारी औद्योगिक इकाइयों में करीब 55 प्रतिशत मजदूर गैर-स्थानीय हैं, जो लगभग 200,000 हैं। इनमें से करीब 25 से 30 प्रतिशत पिछले दो हफ्तों में चले गए हैं। इससे यहां उद्योग पर असर पड़ा है। हालांकि इंडस्ट्री को उम्मीद है कि हालात जल्दी सामान्य होंगे मजदूर काम पर लौटेंगे।

**कहां-कहां पड़ा ज्यादा प्रभावित–** जम्मू शहर और तीर्थ शहर कटड़ा में होटल इंडस्ट्री का कामकाज प्रभावित हुआ है। ऑल जम्मू होटल एंड लॉजेस एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत खजूरिया ने कहा, जम्मू क्षेत्र में 1,000 होटल और लॉज हैं जो लगभग 10,000 लोगों को रोजगार देते हैं। उनमें से 50 प्रतिशत प्रवासी हैं। वे सभी पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद चले गए हैं। लासीपुरा औद्योगिक संघ के महासचिव सरवर मलिक ने कहा कि कश्मीर घाटी में पुलवामा के लासीपुरा इंडस्ट्रियल ग्रोथ सेंटर में करीब 800 औद्योगिक यूनिट हैं। साथ ही यहां सेब के लिए सबसे बड़ी कोल्ड स्टोरेज सुविधा है। ये सब प्रभावित हुए हैं क्योंकि 6,000 प्रवासी मजदूरों में से बड़ी संख्या में मजदूर चले गए हैं। सरवर मलिक की कंपनी प्रोएक्टिव पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर ने एक सप्ताह से अधिक समय से उत्पादन बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि कोई खरीदार नहीं है और स्टॉक जमा हो गया है। बाजार से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल रही है।

**टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज पर भी असर–** सूरत की टेक्सटाइल यूनिट के लिए भी स्थिति ऐसी ही है। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की टेक्सटाइल कमेटी के अध्यक्ष चंपालाल बोथरा ने कहा कि 300,000 से अधिक प्रवासी मजदूरों में से लगभग 75,000 चले गए हैं। प्रवासी मजदूरों का एक वर्ग आमतौर पर खरीफ की बुवाई के मौसम से पहले हर साल अपने गांवों में जाता है।

# टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद संत प्रेमानंद से मिले विराट : अनुष्का




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा मंगलवार सुबह वृंदावन पहुंचे। यहां उन्होंने श्रीराधे हित केली कुंज आश्रम में संत प्रेमानंद महाराज से भेंट की। इस दौरान दोनों ने संत महाराज से आशीर्वाद लिया और आध्यात्मिक चर्चा में भाग लिया। संन्यास के बाद यह उनकी पहली सार्वजनिक उपस्थिति मानी जा रही है। संन्यास के बाद सीधे आध्यात्मिक शांति की तलाश में वह वृंदावन पहुंचे।

### विराट ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था

विराट ने सोमवार को इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिये टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान किया था। उन्होंने एक भावुक पोस्ट के जरिये अपने 14 साल के टेस्ट करियर पर विराम लगाने की पुष्टि की थी। विराट ने कहा था कि उन्होंने इस प्रारूप से काफी सबक लिया है। विराट टी20 अंतरराष्ट्रीय से पहले ही संन्यास ले चुके हैं और अब सिर्फ वनडे में खेलते दिखाई पड़ेंगे। विराट आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम का भी हिस्सा हैं और कुछ दिनों बाद वह आरसीबी टीम से जुड़ जाएंगे और पहली बार टीम को चैंपियन बनाने की कोशिश करेंगे।

### संत प्रेमानंद के आश्रम में साढ़े तीन घंटे रहे कोहली-अनुष्का

कोहली और अनुष्का ने संत प्रेमानंद के आश्रम में साढ़े तीन घंटे से भी ज्यादा समय बिताया। दोनों सुबह करीब छह बजे आश्रम पहुंचे और करीब साढ़े नौ बजे वहां से निकल गए। यह पहली बार नहीं है जब विराट संत प्रेमानंद से मिलने पहुंचे हैं। वह इससे पहले जनवरी 2023 में इसी साल जनवरी में भी मिलने पहुंचे थे। अब टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद उन्होंने संत प्रेमानंद से गहन चर्चा की। इस दौरान विराट ने पूछा कि असफलता से कैसे बाहर निकला जाए? इस पर प्रेमानंद ने कहा कि अभ्यास करना जारी रखें।

### विराट-अनुष्का से संत प्रेमानंद की बातचीत के प्रमुख अंश

**संत प्रेमानंद**- क्या आप खुश हैं?

**विराट कोहली**- हां ठीक हूं।

संत प्रेमानंद- हां ठीक ही रहना चाहिए। हम आपको अपने प्रभु का विधान बताते हैं। जब प्रभु किसी पर कृपा करते हैं, ये वैभव मिलना कृपा नहीं है, ये पुण्य है। पुण्य से एक घोर पापी को भी वैभव मिलता है। ये वैभव बढ़ना या यश बढ़ना भगवान की कृपा नहीं मानी जाती है। भगवान की कृपा मानी जाती है अंदर का चिंतन बदलना। जिससे आपके अनंत जन्मों के संस्कार भस्म होकर और अगला जो है वो बड़ा उत्तम होगा। अंदर की चिंतन से होता है बाहर से कुछ नहीं होता है। अंदर का चिंतन हमलोगों का स्वभाव बन गया बैरमुखी। बैरमुखी मतलब बाहर। बाहर यानी यश, कीर्ति, लाभ, विजय, इससे हमें सुख मिलता है। अंदर से कोई मतलब नहीं रखता कोई। अब क्या होता है जब भगवान कृपा करते हैं तो संत समागम देते हैं। दूसरी बार जब कृपा होती है तो विपरीतता देते हैं और फिर अंदर से एक रास्ता देते हैं। ये परम शांति का रास्ता है। भगवान शांति का रास्ता देते हैं और जीव को अपने पास बुला लेते हैं। बिना प्रतिकूलता के संसार का राग नष्ट नहीं होता। किसी को वैराग्य होता है तो संसार की प्रतिकूलता देखकर वैराग्य होता है। सबकुछ हमारे अनुकूल है तो हम आनंदित होकर उसका भोग करते हैं, जब हमारे ऊपर प्रतिकूलता आती है तब हमें ठेस पहुंचती है कि इतना झूठा संसार। इसके बाद अंदर से भगवान रास्ता देते हैं कि ये सही है। बिना प्रतिकूलता के इस संसार को छुड़ाने की कोई औषधि नहीं रखी। आज तक जितने बड़े महापुरुष हुए हैं, जिनका जीवन बदला है, उनका जीवन प्रतिकूलता का दर्शन करके बदला है। तो कभी प्रतिकूलता आए तो उस समय आनंदित होकर समझें कि अब मेरे ऊपर भगवान की कृपा हो रही है। मुझे सतमार्ग पर चलने की प्रेरणा मिल रही है। अपना सुधार कर लो, अपने जीवन को सत्य में ले आओ तो अगला जो होगा वो बहुत जोर का होगा। अगर इस जन्म में भगवत की प्राप्ति नहीं हुई, तो भगवान श्रीकृष्णा ने गीता में कहा है- भक्त का नाश नहीं होता। मैं कुलवान, धनवान के कुल में जन्म देता हूं और फिर पुनः भक्ति का माहौल देता हूं, पूर्व का जो भजन छूटा हुआ है, वहीं से उसको ऊपर उठाता हूं। बिल्कुल ऐसे रहो जैसे रह रहे हो, बिल्कुल संसारिक बनकर रहो, लेकिन कोशिश करें कि अंदर का चिंतन आपका बदल जाए। अंदर के चिंतन में धन बढ़ाने की भावना न रह जाए। अंदर के चिंतन में रहे- प्रभु बहुत जन्म व्यतीत हो गए, अब एक बार आपसे मिलना चाहते हैं। मुझे अब बस आप चाहिए, संसार नहीं। तो इससे बात बन जाएगी। इसलिए आनंदपूर्वक भगवान के नाम का जप करो, बिल्कुल चिंता मत करो।

### अनुष्का शर्मा : बाबा क्या नाम जप से हो जाएगा?

संत प्रेमानंद- पूरा। ये हम अपने जीवन का अनुभव बताते हैं। सांखयोग, अष्टांगयोग, कर्मयोग और भक्तियोग, चारों योगों में प्रवेश रहा है। स्वयं भगवान शंकर से बढ़कर तो कोई ज्ञानी नहीं है। सनकादि से बढ़कर कोई ज्ञानी नहीं है। सनकादि 'हरिशरणम, हरिशरणम' हमेशा जपते रहते हैं। भगवान शिव राम राम राम राम जपते रहते हैं। हम वृंदावनवासी प्रिया प्रितम के उपासी राधा राधा जपते हैं। जो राम में रा है और जो धा है वो रस देने वाली वस्तु है। हमारी तार्किक बुद्धि रही है श्रद्धालु बुद्धि नहीं रही है। तो अगर आप राधा राधा जपते हो तो इसी जन्म में भगवत की प्राप्ति होगी। हमारी आखिरी सांस अगर राधा कहती है तो सीधे श्री जी की प्राप्ति, भगवान की प्राप्ति हो जाएगी। इसमें कोई संशय नहीं और किसी साधन की कोई आवश्यकता नहीं। अगर आप राधा लिख रहे हो तो मन भागेगा नहीं। तो चाहे 10 बार लिखो या 100 बार लिखो, लेकिन एक अभ्यास बनाओ। कुछ समय शांति से स्नान आदि करके राधा-राधा लिखें और फिर उसी का चिंतन भी करें। इसे अपना जीवन बना लें फिर आप परिणाम खुद देख लेना। कोई घाटे का सौदा तो है नहीं। ठीक है।

इसके बाद विराट और अनुष्का ने संत प्रेमानंद के आगे शीश झुका के उन्हें प्रणाम किया। फिर वहां अनुष्का और विराट को संतों ने चुनरी ओढ़ाई। संत प्रेमानंद ने कहा खूब आनंदित रहो और भगवान का नाम जप करते रहो।

# रोहित-कोहली के इस तरह टेस्ट से संन्यास लेने से खुश नहीं कुंबले

### बोले- उचित विदाई दी जानी चाहिए



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे स्टार खिलाड़ी उचित विदाई के हकदार हैं। रोहित और कोहली ने पांच दिनों के अंदर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया जिससे इंग्लैंड दौरे से पहले भारत को दोहरा झटका लगा है। कुंबले ने इन दोनों दिग्गजों के इस तरह विदाई लेने पर हैरानी जताई और कहा कि रोहित-कोहली को इस प्रारूप से उचित तरीके से विदाई देनी चाहिए थी।

### कुंबले बोले- प्रशंसक समारोह का हिस्सा होना चाहते हैं

कुंबले ने बीसीसीआई से इस मामले में संज्ञान लेकर रोहित और कोहली को उचित विदाई देने की मांग की। कुंबले ने कहा, अभी कुछ दिन पहले रोहित शर्मा और फिर विराट कोहली। मुझे लगता है कि दोनों ही खिलाड़ी मैदान पर एक उचित विदाई के हकदार थे। मेरा दृढ़ विश्वास है कि जो लोग इन चीजों को देखते हैं, उन्हें इस पर ध्यान देना चाहिए। मुझे पता है कि यह सोशल मीडिया का युग है। प्रशंसक उस समारोह का हिस्सा होना चाहते हैं, वहां बहुत सारे प्रशंसक होते और जोरदार विदाई होती।

### इंग्लैंड दौरे को लेकर चिंता व्यक्त की

इसके अलावा, कुंबले ने आगामी इंग्लैंड दौरे को लेकर भी चिंता व्यक्त की क्योंकि रोहित और कोहली ने टीम में एक बड़ा अंतर पैदा कर दिया है। उन्होंने कहा, रोहित ने संन्यास ले लिया है, वह कुछ समय तक कप्तान रहे थे और विराट शायद भारत के सबसे सफल कप्तान हैं और आप चाहते होंगे कि उनमें से कोई एक खिलाड़ी टीम में रहे। इंग्लैंड में मुकाबला कठिन होने वाला है, यह पांच टेस्ट मैचों की सीरीज है। मुझे लगता है कि चयनकर्ताओं को भी यह बात हैरान कर गई होगी। मुझे यकीन है कि चयनकर्ता उन्हें टीम में शामिल करने के बारे में सोच रहे होंगे।

भारतीय टीम अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। इसके साथ ही टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के अगले चक्र की शुरुआत करेगी। रोहित के संन्यास लेने के बाद भारत नए टेस्ट कप्तान की अगुआई में उतरेगा। रोहित और कोहली के बाद भारतीय टीम में अधिक अनुभवी खिलाड़ी नहीं होंगे और भारत को इंग्लैंड की चुनौती का सामना करना होगा।

# ऑस्ट्रेलियाई मीडिया में छाए कोहली, उनसे भिड़ने वाली महिला पत्रकार ने संन्यास के बाद दी शुभकामनाएं




**सिडनी (एजेंसी)।** विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया के जरिये इस प्रारूप को अलविदा कहा। कोहली ने दुनिया के हर कोने में रन बनाए हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया से उनकी प्रतिद्वंद्विता खास रही है। खासतौर पर कोहली ने ऑस्ट्रेलिया जाकर खूब रन बनाए हैं। यही वजह है कि जब भी वहां कोई सीरीज होती है तो ऑस्ट्रेलियाई मीडिया कोहली के नाम से प्रचार प्रसार करती है। वहां की मीडिया उनकी खूब तारीफ भी करती है। अब उनके टेस्ट से संन्यास के बाद ऑस्ट्रेलिया के सभी अखबारों ने उनकी तारीफों के पुल बांधे हैं। इतना ही नहीं, जिस महिला पत्रकार से वह मेलबर्न एयरपोर्ट पर तस्वीर को लेकर भिड़े थे, उस पत्रकार ने खुद पोस्ट कर कोहली को शुभकामना संदेश दिया है।

**ऑस्ट्रेलियाई मीडिया में छाए कोहली** - भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन से महानता हासिल की है और अब वह सफेद जर्सी पहनकर उनके गेंदबाजों को परेशान नहीं कर पाएंगे। इसकी खुशी ऑस्ट्रेलियाई मीडिया को जरूर होगी। सोमवार को कोहली ने अपने शानदार टेस्ट करियर से अलविदा कहा तो ऑस्ट्रेलिया के मुख्य अखबार 'दैनिक सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' ने इस भारतीय आइकन के बारे में कहा, ऑस्ट्रेलियाई लोगों को कोहली का अविश्वसनीय बल्लेबाजी कौशल और मैदान पर तीखे तेवर का संयोजन आकर्षित करता था जिससे कईयो को उसमें अपनी झलक दिखती।

**ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों को कोहली की प्रतिद्वंद्विता पसंद** - अखबार ने लिखा, कोहली की ऑस्ट्रेलिया में पहली सीरीज 2011-12 में थी जिसमें माइकल क्लार्क की अगुआई वाली टीम का प्रदर्शन एकतरफा रहा। 4-0 के स्कोरलाइन के बावजूद कोहली ने कई समकालीनों की तुलना में अधिक निडरता दिखाई और एडिलेड में शतक के साथ इसका समापन किया। एससीजी दर्शकों को अंगुली दिखाने के लिए उनकी आलोचना भी हुई। यह ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों के साथ लड़ाई की शुरुआत थी जो इस साल जनवरी में टेस्ट क्रिकेटर के रूप में उनके अंतिम दिन समाप्त हुई जब उन्होंने उसी भीड़ को 'सैंडपेपर' का इशारा किया।'

**ऐतिहासिक जीत की भी याद दिलाई** - 'ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन' (एबीसी) ने भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में उनके सफल कार्यकाल पर प्रकाश डाला जिसमें ऑस्ट्रेलिया में ऐतिहासिक सीरीज जीत भी शामिल है। एबीसी ने लिखा, उनके टेस्ट करियर को 2014 से 2022 के बीच कप्तान के रूप में उनके कार्यकाल के लिए भी याद किया जाएगा जिसमें उन्होंने 68 टेस्ट मैचों में से 40 में जीत दिलाई और इस प्रारूप में देश के सबसे सफल कप्तान बने तथा दक्षिण अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ (53) और ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (48) और स्टीव वॉ (41) के बाद जीत के मामले में चौथे स्थान पर रहे।न्यूज डॉट कॉम डॉट एयू में छपी खबर का शीर्षक विराट कोहली ने संन्यास की घोषणा करके 1.4 अरब दिलों को तोड़ दिया रहा। वहीं फॉक्स स्पोर्ट्स ने लिखा कि कोहली और रोहित शर्मा की अनुपस्थिति से भारतीय बल्लेबाजी लाइन अप में खालीपन आ जएगा।

**महिला पत्रकार ने भी कोहली को दी बधाई** - भारत के हालिया ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कोहली मेलबर्न एयरपोर्ट पर महिला पत्रकार नैट योआनिडिस से भिड़ गए थे। ऑस्ट्रेलिआई पत्रकार कोहली की इजाजत के बिना उनके बच्चों की तस्वीर लेने की कोशिश कर रहे थे। कोहली अपने निजी जीवन को सुर्खियों से दूर रखना पसंद करते हैं। यही वजह है कि वह कई बार पत्रकारों को बच्चों वामिका और अकाय से दूर रहने के लिए कह चुके हैं। मेलबर्न में पत्रकारों को तस्वीर लेते देख वह भड़क गए थे। अब नैट ने इंस्टाग्राम स्टोरी में उनके साथ उसी विवाद की तस्वीर साझा की है। इसके कैप्शन में लिखा- विराट, एक बेहतरीन टेस्ट करियर के लिए आपको बधाई।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम घोषित, एनगिडी की हुई वापसी

**जोहानिसबर्ग (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल मुकाबले के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम घोषित हो गई है। इस खिताबी मैच के लिए टीम में तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी की वापसी हुई है जो ग्रोइन चोट के कारण पिछले कुछ समय से बाहर चल रहे थे। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच 11 जून से लंदन के लॉर्ड्स मैदान पर डब्ल्यूटीसी 2023-25 चक्र का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।




**बावुमा की अगुआई में उतरेगी टीम** - दक्षिण अफ्रीका की टीम तेंबा बावुमा की अगुआई में डब्ल्यूटीसी के फाइनल में खेलने उतरेगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहली बार इस आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है। दक्षिण अफ्रीका की टीम डब्ल्यूटीसी की अंक तालिका में 69.44 पीसीटी के साथ पहले स्थान पर रही थी। इस मुकाबले को देखते हुए एनगिडी का फिट होना दक्षिण अफ्रीका के लिए राहत की खबर है।

**मफाका-ब्रिट्ज्के नहीं बना सके जगह** - दक्षिण अफ्रीका ने अपनी नियमित टीम पर भरोसा जताया है और पाकिस्तान के खिलाफ 16 सदस्यीय टीम में से सिर्फ दो ही बदलाव किए हैं। युवा क्वेना मफाका को बाहर किया गया है, जबकि शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मैथ्यू ब्रिट्ज्के भी टीम में जगह नहीं बना सके हैं। टोनी डि जॉर्जी, रियान रिक्लेटन और एडेन मार्करम शीर्ष क्रम में होंगे। वहीं, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड बेडिंघम और बावुमा मध्य क्रम की जिम्मेदारी संभालेंगे। वेरेने विकेट के पीछे जिम्मेदारी निभाएंगे, जबकि ऑलराउंडर वियान मुल्डर और मार्को यानसेन भी बल्लेबाजी से योगदान देंगे।

गेंदबाजी विभाग की जिम्मेदारी वियान मुल्डर और मार्को यानसेन के साथ-साथ कगिसो रबाडा, एनगिडी, डेन पाटेरसन और कॉर्बिन बॉश पर होगी। वहीं, स्पिन विभाग में केशव महाराज और सेनुरन मुथुसामी का विकल्प भी मौजूद होगा। मुख्य कोच शुकरी कॉनराड का मानना है कि टीम में इंग्लिश परिस्थितियों को देखते हुए दक्षिण अफ्रीका के लिए सभी तरह के प्रयास किए गए हैं। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने भी डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए अपनी टीम घोषित कर दी थी।

**डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम इस प्रकार है...**

तेंबा बावुमा (कप्तान), टोनी डि जॉर्जी, एडेन मार्करम, वियान मुल्डर, मार्को यानसेन, कगिसो रबाडा, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, कॉर्बिन बॉश, काइल वेरेने, डेविड बेडिंघम, ट्रिस्टन स्टब्स, रियान रिक्लेटन, सेनुरन मुथुसामी, डेन पाटेरसन।

# एनेरी डेरक्सन द्वारा चौका लगाए जाने से गुस्साई चमारी अटापट्टू ने की ओछी हरकत, आईसीसी ने ठोका जुर्माना

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह घटना हाल ही में श्रीलंका में संपन्न त्रिकोणीय श्रृंखला के ग्रुप चरण के अंतिम मैच के दौरान दक्षिण अफ्रीका के साथ 32वें ओवर में उस समय हुई, जब एनेरी डेरक्सन द्वारा चौका लगाए जाने के बाद अटापट्टू ने अपना चश्मा उतारकर जमीन पर पटक दिया, जिससे उसके कई टुकड़े हो गए।



यह आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन है और अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट से जुड़े उपकरणों का दुरुपयोग और मैदान के उपकरणों के फेंकने से संबंधित है। इस अपराध के लिए अटापट्टू पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जर्माना लगाया गया। इसके अलावा 24 महीने की अवधि में पहले अपराध के तहत अटापट्ट पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। मैदानी अंपायर अन्ना हैरिस और डेडुनू डी सिल्वा, तीसरे अंपायर लिंडन हैनिबल और चौथे अंपायर निमाली परेरा ने अटापट्टू पर आरोप लगाए थे। अटापट्टू ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इस लिये इस पर और सुनवाई की आवश्यकता नहीं है।

### कोहली के संन्यास के बाद बोले पुजारा

# नंबर 4 के लिए सही खिलाड़ी खोजने के लिए कुछ सीरीज की जरूरत है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय बल्लेबाजी क्रम की रीढ़ की हड्डी रहे चेतेश्वर पुजारा का मानना ??है कि नंबर चार की बल्लेबाजी की स्थिति महत्वपूर्ण है और यही वह स्थान है जहां आप अपना शीर्ष बल्लेबाज चाहते हैं। पुजारा का मानना ??है कि भारतीय टीम को उस स्थान के लिए सही खिलाड़ी का पता लगाने के लिए कुछ सीरीज की जरूरत है, क्योंकि विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भारत के सामने एक सवाल खड़ा हो गया है कि उनका अगला नंबर 4 कौन होगा। कोहली ने सचिन तेंदुलकर के संन्यास के बाद से 115 टेस्ट मैचों में से 99 में नंबर 4 पर बल्लेबाजी की है।



पुजारा ने मंगलवार को ईएसपीएनक्रिकइंफो के हवाले से कहा, हमें यह पता लगाने के लिए कुछ सीरीज की जरूरत होगी कि नंबर 4 पर बल्लेबाजी के लिए कौन सबसे उपयुक्त है, क्योंकि यह एक महत्वपूर्ण स्थान है। आपको नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने के लिए अपने सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज की जरूरत होती है। इस समय, मुझे लगता है कि यह अभी भी एक ऐसा स्थान है जहां टीम प्रबंधन को यह पता लगाना होगा कि नंबर 4 पर सबसे उपयुक्त खिलाड़ी कौन है उन्होंने कहा, बहुत सारे खिलाड़ी हैं जो प्लेइंग इलेवन में अपनी जगह बना रहे हैं, इस स्तर पर किसी के पास सुरक्षित स्थान नहीं है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें कुछ समय लगेगा।

पुजारा का यह भी मानना ????था कि यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि इंग्लैंड में कौन अच्छा प्रदर्शन करता है, और उन्हें लगता है कि इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन करने वाला कोई व्यक्ति नंबर 4 स्थान पर हो सकता है। पुजारा ने कहा, अभी कोई निर्णय लेना जल्दबाजी होगी, लेकिन यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि इंग्लैंड में कौन अच्छा प्रदर्शन करता है क्योंकि इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन करने वाला कोई व्यक्ति नंबर 4 स्थान पर हो सकता है।

कोहली और रोहित शर्मा के बिना भारत का पहला काम जून में इंग्लैंड में पांच मैचों की सीरीज खेलना है, जो नए आईसीसीके नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत भी होगी। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भारतीय चयनकर्ताओं के लिए शीर्ष क्रम में उनके लिए सही फिट खोजना एक चुनौती होगी।

# स्मृति मंधाना को मिला दमदार प्रदर्शन का फायदा, छलांग लगाकर दूसरे स्थान पर पहुंचीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना को त्रिकोणीय सीरीज में दमदार प्रदर्शन का फायदा मिला है। वह एक स्थान की छलांग लगाकर आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में दूसरे पायदान पर पहुंच गईं। श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई इस सीरीज में भारत ने शानदार जीत दर्ज की थी। फाइनल मुकाबले में भारत ने मंधाना की शतकीय पारी की बदौलत श्रीलंका को 97 रन से हराया था। अब उन्हें इस प्रदर्शन का लाभ मिला है।



**11वें वनडे शतक के साथ मंधाना ने ब्यूमोंट को पीछे छोड़ा** - इस सीरीज के फाइनल मुकाबले में 28 वर्षीय बल्लेबाज ने 116 रनों की धमाकेदार पारी खेली थी। इस दौरान उनके बल्ले से 15 चौके और दो छक्के निकले। अपने करियर के 11वें शतक के साथ मंधाना ने बड़ी उपलब्धि हासिल की थी। वह सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने वाली तीसरी बल्लेबाज बन गईं। इस मामले में वह इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट से आगे निकल गईं, जिन्होंने इस प्रारूप में 10 शतक लगाए हैं।

**दूसरे स्थान पर पहुंची मंधाना** - इसी के साथ मंधाना आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। पहले स्थान पर 738 रेटिंग अंकों के साथ दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाज लाउरा वोलवार्ड्ट हैं। मंधाना पहला स्थान हासिल करने से कुछ कदम दूर हैं। उनके खाते में 727 रेटिंग अंक हैं।



# दोस्ताना 2 से बाहर हो गईं जान्हवी कपूर

फिल्म 'दोस्ताना 2' कुछ समय के लिए टाल दी गई थी, इस फिल्म में पहले जान्हवी कपूर और कार्तिक आर्यन लीड रोल के लिए चुने गए। एक बार फिर मेकर्स इस फिल्म को बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। हाल ही में इस फिल्म से जुड़ा एक नया अपडेट सामने आया है। अब जान्हवी की जगह फिल्म में दूसरी एक्ट्रेस को लिया जा रहा है।

### श्रीलीला होंगी दोस्ताना 2 का हिस्सा

एक रिपोर्ट के अनुसार फिल्म 'दोस्ताना 2' में जाह्नवी की जगह श्रीलीला को लिए जाने की बात सामने आई है। वह फिल्म में कार्तिक आर्यन के अपोजिट नजर आएंगी। वहीं विक्रांत मैसी भी अब इस फिल्म का हिस्सा हैं, उन्हें एक्टर लक्ष्य से रिप्लेस किया गया है। 'दोस्ताना 2' करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस तले बन रही है।

### कार्तिक संग एक और फिल्म कर रहीं श्रीलीला

एक तरफ कार्तिक आर्यन और श्रीलीला 'दोस्ताना 2' में नजर आएंगे। वहीं ये दोनों एक अनाम रोमांटिक फिल्म भी कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग भी इन दिनों ये दोनों एक्टर्स कर रहे हैं। श्रीलीला साउथ की जानी-मानी एक्ट्रेस हैं, वह फिल्म 'पुष्पा 2' में एक हिट आइटम डांस कर चुकी हैं।

### दोस्ताना में थी ये स्टार कास्ट

करण जौहर प्रोड्यूस फिल्म 'दोस्ताना(2008)' दर्शकों को काफी पसंद आई थी। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन, जॉन अब्राहम और प्रियंका चोपड़ा लीड रोल में नजर आए थे। प्रियंका पर इस फिल्म में एक गाना 'देसी गर्ल' भी फिल्माया गया, जो आज तक मशहूर है। इस फिल्म के बाद से ही प्रियंका चोपड़ा को देसी गर्ल के नाम से पुकारा जाने लगा।





# ज्वेलथीफ... से ओटीटी पर बड़ी पहचान मिली...

**निकिता दत्ता अपनी नई फिल्म ज्वेलथीफ को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर 56 देशों में ट्रेंड कर रही है। उनसे फिल्मों और को-स्टार्स को लेकर हुई खास बातचीत...**

**क्या आप पर आप टीवी आर्टिस्ट होने का दवाब था। उस टैग से बाहर कैसे निकली?**

टीवी आर्टिस्ट होने का दबाव जरूर होता है और कास्टिंग के समय इन बातों का ध्यान रखा जाता है। हालांकि, इस बात का गर्व है कि मैं उस इंडस्ट्री से आई हैं। 2018 में टीवी शो हासिल खत्म होने के बाद टीवी शो न करने का फैसला लिया था, जो कि आसान नहीं था क्योंकि इसमें अच्छे पैसे को छोड़कर फिर से ऑडिशन देना पड़ता है। इस फैसले में माता-पिता का सपोर्ट बहुत महत्वपूर्ण रहा। कबीर सिंह में काम करने के बाद मेरे लिए चीजें बदल गईं। नाम के साथ जो टीवी का टैग था, वह धीरे धीरे गायब हो गया।

### अक्षय स्टारर गोल्ड में सिमरन का किरदार कैसे मिला था?

इसका प्रोसेस आसान था। ऑडिशन हुआ और मैं सेलेक्ट हो गई। गोल्ड के बाद कबीर सिंह की शूटिंग शुरू की थी। इन दो फिल्मों के दौरान मुझमें सहनशीलता आ गई थी। मैंने तय कर लिया था कि टाइम लगे, पर चीजें बदलेंगी, मुझे पीछे नहीं हटना है। गोल्ड के लिए बहुत मेहनत की थी, उम्मीदें भी बहुत थीं, पर वो पूरी नहीं हुई। कबीर सिंह को मैंने ज्यादा सीरियसली नहीं लिया था, सोचा था कि साउथ की फिल्म सबने देखी है तो इसे क्यों देखेंगे। मैंने ऐसा डायरेक्टर भी पहली बार देखा था जिसने अपनी ही फिल्म दो भाषाओं में बनाई हो। मुझे लगा था कबीर सिंह नहीं चलेगी पर जब फिल्म आई और रिस्पॉन्स मिला, वो शॉकिंग था।

### संदीप वांगा रेड्डी से आपकी पहली मुलाकात कब हुई थी?

मुझे शूटिंग से दो हफ्ते पहले कॉल आया, जिसमें अर्जुन रेड्डी के हिंदी रीमेक के बारे में बताया गया। फिल्म न देखने पर, किरदार के बारे में बताया गया और संदीप वांगा से मिलने से पहले देखने को कहा गया। फिल्म देखने के बाद, संदीप से मुलाकात हुई, जिन्होंने फिल्म के बारे में पूछा और यह जानने के बाद कि मुझे अपना रोल समझ आ गया है, संदीप सर की तरफ से मुझे सीधे सेट पर मिलने के लिए कहा गया। कुछ कॉस्ट्यूम ट्रायल के बाद, मैंने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी थी। इस्तेफाक है इस फिल्म से मेरा करियर बदल गया।

### अभिषेक, शाहिद, सैफ और इमरान के साथ काम करके आपने क्या सीखा?

मैंने अभिषेक बच्चन के साथ बिग बुल में काम किया। इतने बड़े बैकग्राउंड से होने के बाद भी वो बहुत विनम्र हैं, सबसे अच्छे से पेश आते हैं और काफी मजाकिया भी हैं। उनकी एक और अच्छी बात है कि वो अपने छोटे से छोटे सीन के लिए भी क्यू देते हैं, भले ही कैमरे में न दिख रहे हों। शाहिद से एक्टिंग का प्रोसेस सीखा और इमरान में बहुत धैर्य है। सैफ भी काफी मजाकिया हैं। उनका नवाब वाला बिहेवियर है।

### आपके लिए सफलता क्या है?

सक्सेस एक बहुत ही रिलेटिव टर्म है। आप कभी भी पूरी तरह संतुष्ट नहीं होंगे। आज अगर मैं अपनी फिल्म के होर्डिंग्स देख रही हूं, तो कल मैं और ज्यादा देखना चाहूंगी। मैं नहीं चाहती कि इसका अंत हो। सफलता हमेशा एक ऐसा पैमाना है जिसे आप बढ़ाते ही जाते हैं। मेरे लिए सफलता रात में सुकून से सोना है और अपने काम से संतुष्टी है। बाकी ओटीटी से भी करियर बदल रहा है।



# हर्षवर्धन राणे की 'चेतावनी' के बाद सनम तेरी कसम 2 से पाकिस्तानी एक्ट्रेस की छुट्टी

'सनम तेरी कसम' के अभिनेता हर्षवर्धन राणे की 'चेतावनी' के बाद फिल्म निर्माताओं ने फिल्म के सीक्वल को लेकर अहम घोषणा की है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी अभिनेत्री अपकमिंग फिल्म का हिस्सा नहीं बनेंगी। निर्देशक राधिका राव और विनय सप्रू ने सनम तेरी कसम 2 से पाकिस्तानी अभिनेत्री मावरा होकेन को बाहर किए जाने की पुष्टि की है।

उन्होंने बताया कि पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमलों के खिलाफ भारत में काम करने वाले पाकिस्तानी कलाकारों की चुप्पी बेहद चिंताजनक है। भारत के खिलाफ उनकी टिप्पणी गलत है और इसकी निंदा की जानी चाहिए। निर्माताओं ने कहा, आतंकवाद की स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए। यह निराशाजनक है कि भारत में काम करने वाले कुछ कलाकार इस मामले में चुप्पी साधे रहे। उन्हें यहां से खूब प्यार, सम्मान और बड़ा अवसर मिला, फिर भी वे भारत के खिलाफ इस तरह के आतंकवादी कृत्यों के बारे में कुछ नहीं बोले। हम अपने देश और सरकार के साथ खड़े हैं और उनके फैसले का पूरा समर्थन करते हैं। देश सबसे पहले है और हमेशा रहेगा।

इससे पहले, हर्षवर्धन राणे ने भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर स्पष्ट किया था कि यदि फिल्म में पाक कलाकार होंगे तो वह इसका हिस्सा नहीं बनेंगे और सीधे न कह देंगे।

इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए पोस्ट में हर्षवर्धन ने 'सनम तेरी कसम 2' के लिए लिखा, मैं इस अनुभव के लिए आभारी हूं, लेकिन जैसी आज के समय में स्थिति है, उसे और मेरे देश के बारे में किए गए कमेंट्स को पढ़ने के बाद मैंने यह निर्णय लिया है कि यदि फिल्म में पुरानी कास्ट दोबारा शामिल होने जा रही है, तो मैं सनम तेरी कसम भाग 2 का हिस्सा बनने से इनकार कर दूंगा। बता दें, साल 2016 में आई फिल्म 7 फरवरी 2025 को दोबारा रिलीज की गई। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 30 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की और फ्लॉप से हिट फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई।

# जो इतिहास में दर्ज नहीं, उन्हीं कहानियों को परदे पर लाना चाहता हूं



**नवाजुद्दीन सिद्दीकी की कोस्टाओ जी 5 पर रिलीज हुई है। फिल्म में उन्होंने कस्टम ऑफिसर कोस्टाओ फर्नांडीज की भूमिका निभाई है, जिन्होंने गोल्ड स्मगलिंग ऑपरेशन को अंजाम दिया था।**

### कास्टाओ से आपको क्या खास जुड़ाव महसूस हुआ?

मुझे ऐसी कहानियां पसंद हैं, जो अनकही होती हैं, लेकिन उनमें सच्चाई और ईमानदारी होती है। ये एक ऐसे शख्स की कहानी है, जिसने अपने कर्तव्य के लिए सब कुछ खो दिया, लेकिन हार नहीं मानी। उनके द्वारा पकड़ा गया सोना आज के हिसाब से करीब 1500 करोड़ का था। सुप्रीम कोर्ट से उन्हें ऐतिहासिक जीत मिली, लेकिन आज भी वे गुमनाम हैं। ऐसे लोगों की कहानी कहने के लिए ही मैं फिल्मों का चुनाव करता हूं।

### कोई यादगार अनुभव जो फिल्म से जुड़ा हो?

एक सीन में, मैं पानी में डुबकी लगा रहा था और पास ही मगरमच्छ था, बिलकुल अनप्लान्ड। ईश्वर की दया से सब ठीक रहा।

### फिल्म के सेट पर शूटिंग का अनुभव कैसा रहा?

शानदार, प्रिया बापट जैसी बेहतरीन एक्ट्रेस और गगनवीर जैसे टैलेंटेड एक्टर्स के साथ काम करके बहुत मजा आया। एक अच्छा सीन तभी बनता है जब एक्टर्स अच्छे हों।

### आप ऑडियंस को क्या मैसेज देना चाहेंगे?

यह एक सच्ची कहानी है। हमने इसे नाटकीय नहीं बनाया है। परिवार के साथ बैठकर देखने लायक है।

### साउथ की पैन इंडिया फिल्मों पर आपकी राय?

मेरे हिसाब से अच्छा सिनेमा किसी भी भाषा या जगह का हो, उसे सराहा जाना चाहिए। साउथ की भी सभी फिल्में हिट नहीं होतीं। लोगों को आजकल कहानी में ज्यादा इंटरेस्ट आ रहा है।

### एक्टर का किरदार कहानी में कितना जरूरी होता है?

कहानी जितनी जरूरी है, किरदार उतना ही अहम होता है। मेरा ध्यान इस पर रहता है कि मेरा रोल किस तरह से गढ़ा गया है।

### सोशल मीडिया पर आपकी क्या राय है?

सोशल मीडिया के दो पहलू हैं, अच्छे कंटेंट वाले लोग भी हैं, लेकिन यंग जनरेशन के लिए ये समय बर्बादी का जरिया भी बनता जा रहा है।



# डिंपल कपाड़िया ने दी थी फरहान को धमकी

फरहान अख्तर की फिल्म दिल चाहता है बेहतरीन फिल्मों में से एक है। फिल्म को रिलीज हुए दो दशक हो गए हैं। फिल्म में अक्षय खन्ना, आमिर खान, सैफ अली खान, प्रीति जिंटा और सोनाली कुलकर्णी थीं। फिल्म में डिंपल कपाड़िया भी थीं। हाल ही में फरहान अख्तर ने डिंपल कपाड़िया के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया और बताया कि कैसे उन्होंने कहा था कि उन्हें आंटी न बुलाएं।

### डिंपल को आंटी नहीं बुला सकते थे फरहान

वेव्स समिट 2025 में फरहान अख्तर ने कहा जब डिंपल कपाड़िया सेट पर आईं, तो मैंने उनसे बात की। मैंने उन्हें फिल्म में लिया था लेकिन मैंने उन्हें कुछ नहीं कहा था, क्योंकि मैं उन्हें डिंपल आंटी नहीं कह सकता था, वह बहुत परेशान हो जातीं। मैं उन्हें डिंपल भी नहीं कह सकता था क्योंकि मुझे लगता था कि उन्हें लगेगा कि मैं बहुत असभ्य हो रहा हूं, इसलिए मैं बस उनसे कहता था जी जी, हां हां, ठीक है ठीक है, हां मैम।

### अगर मुंह से आंटी निकलता तो फिल्म छोड़ देतीं

फरहान ने आगे कहा जब हम काम कर रहे थे और हमें उन्हें बुलाना होता था तो मैं कहता था डिंपल मैम को बुलाओ। फिर मैं कहता- क्या आप तैयार हो मैम? कृपया आइए। दो तीन दिन के बाद उन्होंने पूछा कि तुम मुझे मेरे नाम से क्यों नहीं बुलाते हो? इस पर मैंने कहा- मैं नहीं जनता कि मैं आपको क्या बुलाऊं। इस पर उन्होंने कहा- बेहतर है कि तुम मुझे डिंपल बुलाओ। अगर तुम्हारे मुंह से डिंपल आंटी निकला, तो मैं यह फिल्म छोड़ रही हूं इसके बाद फरहान जोर से हंसते हैं और कहते हैं कि मैंने एक बहुत बेहतरीन इंसान के साथ काम किया।

साल 2021 में दिल चाहता है फिल्म ने 20 साल पूरे कर लिए थे। इस मौके पर फरहान अख्तर ने लिखा था अगर डिंपल कपाड़िया फिल्म को मना कर देतीं तो वह इस फिल्म को नहीं बनाते। फरहान अख्तर ने उस वक्त लिखा था मुझे लगता है कि अगर आपने मना कर दिया होता, तो शायद मुझे फिल्म बनाना बंद करना पड़ता। मैं शुक्रगुजार हूं कि आपने हां कहा। हमेशा आभारी रहूंगा।

# तन्वी द ग्रेट में द कश्मीर फाइल्स की एक्ट्रेस ने ली एंट्री

बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर अपनी आने वाली फिल्म तन्वी द ग्रेट में बतौर निर्देशक हाथ आजमा रहे हैं। इस फिल्म का दर्शक बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में अनुपम ने बोमन ईरानी, शुभांगी दत्त और जैकी श्रॉफ के फिल्म में होने का खुलासा किया था। अब उन्होंने फिल्म की एक और स्टारकास्ट के नाम से पर्दा उठा दिया है। इसका खुलासा उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए किया। अनुपम ने इंस्टाग्राम पर एक एक्ट्रेस की फोटो शेयर की। इस फोटो में नीचे की तरफ फिल्म का नाम तन्वी द ग्रेट लिखा है, और ऊपर एक्ट्रेस का नाम और उसके किरदार के बारे में बताया गया है। यह एक्ट्रेस द कश्मीर फाइल्स में नजर आ चुकीं अदाकारा पल्लवी जोशी हैं। वह अब इस फिल्म की स्टारकास्ट में शुमार हो चुकी हैं। फिल्म में वह विद्या रैना नाम की महिला का किरदार निभाएंगी।

इस पोस्ट के कैप्शन में अनुपम ने लिखा, मैं पल्लवी जोशी का लंबे समय से प्रशंसक रहा हूं, खासकर उनके टेलीविजन के दिनों से। वह बेहद प्रभावशाली कलाकार हैं। सिनेमा की दुनिया में उनका आना फिल्म इंडस्ट्री के लिए एक उपहार है, क्योंकि वह बहुत चुनिंदा प्रोजेक्ट्स करती हैं, लेकिन जब भी पर्दे पर आती हैं, उनका अभिनय राष्ट्रीय पुरस्कार के लायक होता है। फिल्म तन्वी द ग्रेट में उनका किरदार प्रेम, गरिमा, त्याग और शक्ति की मिसाल है। वह बिलकुल सहजता से अभिनय करती हैं और उनके साथ काम करना एक सबक की तरह है। आपकी भारतीय सेना के प्रति समझ और संवेदना भी सराहनीय है, जो दूसरों को भी प्रेरित करती है। जय हिंद!

